✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार
# नवबिहार टाइम्स
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 121 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 26 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में मंत्रियों के साथ पूजा-अर्चना करते सीएम सम्राट चौधरी

# पितृपक्ष मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं को दें बेहतर सुविधाएं : सम्राट

✪ विष्णुपद कोरिडोर के विकास पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कुल 3,500 करोड़ रूपये किए जाएंगे खर्च ✪ गयाजी को अन्य प्रमुख शहरों से हवाई मार्ग से जोड़ने की दिशा में किया जा रहा कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पितृपक्ष मेला के अवसर पर गयाजी पहुंचकर विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने देव घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गयाजी आते हैं। बाहर से आनेवाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिले और वे गयाजी से सुखद अनुभव लेकर लौटें, यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। बिहार की परंपरा 'अतिथि देवो भव की रही है। पितृपक्ष मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं और अतिथियों का पूरे आदर एवं सम्मान के साथ स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को घाटों, आवासन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पितृपक्ष मेला के अवसर पर टेंट सिटी का उद्घाटन भी किया। इसके पश्चात् अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेला सनातन संस्कृति में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का अनूठा पर्व है। गयाजी की पावन धरती पर पिंडदान और तर्पण के लिए देश-दुनिया से श्रद्धालु पहुंचते हैं। राज्य सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी व्यवस्था कर रही है। पितृपक्ष के दौरान पुनपुन और गया दोनों स्थानों पर सरकार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाते हैं। गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को पूरी तत्परता से काम करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तकनीक और ऐप का भी



इस्तेमाल किया जा रहा है और उनकी भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए गयाजी में सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विष्णुपद कारिडोर के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कुल 3,500 करोड़ रूपये खर्च करेंगी। इसमें 2,500 करोड़ रूपये की राशि कारिडोर के विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि यह राज्य में किसी मंदिर के विकास के लिए अब तक की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। बिहार में औद्योगिक विकास को भी गति दी जा रही है। बोध गया में उद्योगों के विकास के लिये इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की शुरूआत की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पितृपक्ष के अवसर पर डाक विभाग द्वारा जारी विशेष डाक लिफाफा का विमोचन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पंडा समाज द्वारा लिखित 'पाचन तीर्थ गयाजी पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने मानपुर पटवा टोली के बुनकरों द्वारा निर्मित गयाजी धाम अंगवस्त्र का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सह गया के सांसद जीतनराम मांझी एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, मनोरमा देवी, उपेंद्र प्रसाद, रोमित कुमार, ज्योति देवी, विधान पार्षद जीवन कुमार, अफाक अहमद खां, गयाजी के महापौर बीरेंद्र कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, मगध प्रमंडल की आयुक्त डा. सफीना ए एन, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित अन्य आकिारीगण, श्रद्धालुगण और बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे जबकि बिहार विधानसभा अयक्ष डॉ. प्रेम कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुये थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धार पार करते समय डूबने से दो महिलाओं की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नरपतगंज प्रखंड में शुक्रवार को तेज बारिश के बाद बलुआही धार का जलस्तर अचानक बढ़ने से दो महिलाओं की डूबने से मौत हो गई। हादसा मानिकपुर पंचायत के वार्ड संख्या-13 में हुआ। दोनों महिलाएं मवेशियों के लिए चारा लेने खेत गई थीं और लौटने के दौरान धार पार करते समय गहरे पानी में चली गईं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतकों की पहचान मानिकपुर पंचायत निवासी अरुण यादव की पत्नी अड़हुल देवी और कुंदन यादव की पत्नी अर्चना देवी के रूप में हुई है।

### एक करोड़ का स्मैक और छह किलो गांजा बरामद, नौ गिरफ्तार

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई में 510 ग्राम स्मैक, 6.029 किलो गांजा और 78.295 लीटर शराब बरामद की है। विभाग के अनुसार बरामद स्मैक की अनुमानित अवैध बाजार कीमत करीब 1.02 करोड़ रुपये है। कार्रवाई के दौरान मादक पदार्थ और शराब से जुड़े मामलों में कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। स्मैक तस्करी में इस्तेमाल चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया है।

## पंजाब नेशनल बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक करोड़ का चेक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने एक करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के एमडी एवं सीईओ अशोक चन्द्र, जोनल हेड (बिहार) लक्ष्मीकांत मिश्रा, सर्किल हेड (पटना) युवराज सिंह राठौड़ एवं जोनल हेड से जुड़े अधिकारी रमेश कुमार उपस्थित थे।

## जर्जर प्रखंड कार्यालयों का होगा कायाकल्प

### 241 जर्जर भवनों की जगह बनेंगे नए भवन, 62 प्रखंडों में आवासीय परिसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य में प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के कुल 241 जर्जर या गैर मरम्मत योग्य प्रखंड कार्यालयों के स्थान पर नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन और 62 भवनहीन प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर निर्माण किया जाएगा। कुल 59 अरब 94 करोड़ 75 लाख 14 हजार की लागत से बनने वाले इन प्रखंड कार्यालयों, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसरों का निर्माण वर्ष 2027 तक पूरा होगा। इससे विभागीय पदाधिकारी और कर्मचारियों के प्रखंड स्तर पर कामकाज निपटाने में जहां आसानी होगी वहीं नव निर्मित कार्यालय-सह-आवासीय परिसर में उनके रहने की सुविधा भी सुनिश्चित होगी। नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय

"पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी परिकल्पना और बिहार सरकार के दृढ़ संकल्प से प्रखंड-सह-अंचल में आधुनिक भवनों का निर्माण ग्रामीण प्रशासन के कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के 241 जर्जर प्रखंड कार्यालयों के स्थान पर अत्याधुनिक नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों का निर्माण होगा जबकि 62 भवनहीन प्रखंडों में कार्यालय के साथ-साथ सभी सुविधा से युक्त आवासीय परिसर भी तैयार किए जाएंगे। इस पहल से हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करने के लिए एक बेहतर व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। आवासीय परिसर बनने से अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र में रहकर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सकेंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लाखों, करोड़ों लोगों की सहूलियत भी बढ़ेगी।"



**श्रवण कुमार**
मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग

निर्माण की लागत प्रति कार्यालय 16.62 करोड़ रुपये के हिसाब से निर्धारित है जबकि कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण प्रति प्रखंड 30.74 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। निर्माण कार्य भवन निर्माण के हाथों होगा।

### प्रखंडों में एकीकृत व्यवस्था से बढ़ेगी लोगों की सुविधा

राज्य के 72 प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन तो 99 प्रखंडों में प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के भवन पहले से बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 62 प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन और 241 प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के बनने से क्षेत्रीय लोगों को एकीकृत सुविधा मिल सकेगी और उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए इधर-भटकने की समस्या से स्थाई छुटकारा मिलेगा। प्रखंड स्तर के ये एकीकृत भवन एक ऐसे अध्याय का प्रतीक बन सकेंगे जिसमें आधुनिक भवन, डिजिटल प्रशासन, बेहतर विभागीय समन्वय और नागरिक-केंद्रित सेवाएं एक साथ दिखाई दे सकें। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के लिए कुछ स्थानों पर सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण भू-अर्जन की प्रक्रिया भी चल रही है।

## मरीजों को अच्छी सुविधा देना अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी : कुमार रवि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक अस्पताल पहुंचने से अस्पताल प्रशासन में हलचल मच गई। उन्होंने अस्पताल के अलग-अलग विभागों, वार्डों और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला पदाधिकारी टी. वाई. भूटिया भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने सिविल सर्जन को लापरवाही के लिए फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को अच्छी और आसान इलाज की सुविधा देना अस्पताल प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पताल से बड़ी संख्या में मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किए जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों से रेफर के कारण पूछे। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मरीजों का इलाज सदर अस्पताल में मौजूद संसाधनों और डॉक्टरों से संभव है, उन्हें बेवजह दूसरे अस्पतालों में रेफर न किया जाए। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मेडिकल संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, इलाज व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों की स्थिति भी देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कमियां पहचान कर तुरंत सुधार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने बताया कि सदर अस्पताल के नए भवन के निर्माण के कारण अभी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। निर्माण पूरा होने के बाद अस्पताल की सुविधाएं बढ़ेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर तक नए भवन में सदर अस्पताल का काम शुरू हो जाएगा।

## जीतिया पर्व की छुट्टी पर विवाद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में जीतिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत की छुट्टी को लेकर नया विवाद सामने आया है। शिक्षा विभाग के कैलेंडर में इस पर्व की छुट्टी 5 अक्टूबर को तय की गई है जबकि इस साल जीतिया पर्व 3 अक्टूबर को मनाया जाएगा। तारीखों के इस अंतर को लेकर महिला शिक्षिकाओं ने शिक्षा विभाग का ध्यान आकर्षित कराया है। उनका कहना है कि व्रत के दिन ही अवकाश मिलना व्यावहारिक रूप से जरूरी है।

## नेपाल में भारी बारिश से बढ़ा गंडक का प्रवाह

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** नेपाल के तराई और पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश का असर गंडक नदी के प्रवाह पर दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को वाल्मीकिनगर गंडक बराज से नदी का प्रवाह 1 लाख 34 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया। नेपाल में बारिश का दौर जारी रहने से गंडक नदी में पानी की आवक और बढ़ने की संभावना जतायी जा रही है। नेपाल के गंडकी और लुंबिनी प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जलग्रहण क्षेत्रों में होने वाली बारिश का पानी तेजी से गंडक नदी में पहुंचता है। ऐसे में सीमावर्ती भारतीय क्षेत्रों में नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को वाल्मीकिनगर गंडक बराज से नदी का प्रवाह 1 लाख 44 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया। नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश जारी रहने के कारण नदी में पानी की आवक और बढ़ने की संभावना जतायी जा रही है। गंडक नदी के बढ़ते प्रवाह को देखते हुए नदी किनारे बसे लोगों की चिंता भी बढ़ गयी है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जलस्तर में होने वाले बदलाव पर नजर रखने की जरूरत बतायी गयी है। नेपाल के गंडकी और लुंबिनी प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में होने वाली बारिश का सीधा असर गंडक नदी के जलप्रवाह पर पड़ता है। जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश होने की स्थिति में नदी में पानी की आवक तेजी से बढ़ सकती है।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

कृषकों के लिए खुशखबरी

पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं। आमदनी और हरियाली बढ़ायें।

वृक्षों से लाभ
अतिरिक्त आय
तापमान में संतुलन
जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाव
स्वच्छ वायु
हरित आवरण में वृद्धि

मात्र ₹10 प्रति पौधे की सुरक्षित राशि देकर पौधे प्राप्त करें। 3 वर्ष पश्चात् 50 प्रतिशत या उससे अधिक पौधे जीवित रहने की स्थिति में ₹60 प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ सुरक्षित जमा राशि ₹10 भी वापस कर दिया जायेगा।

कृषकों से अनुरोध है कि,
योजना अन्तर्गत सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा भुगतान करने हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर निम्न माध्यमों से राशि का भुगतान करें।
1. सुरक्षित राशि Fixed Deposit या NSC जिसकी वैधता 15 जून 2029 तक हो के माध्यम से संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के पदनाम से उपलब्ध करायी जा सकती है।
या
2. नगद राशि भी जमा किया जा सकता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 30.09.2026

⇒ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में हमें कॉल करें : 0612–2226911
⇒ संलग्न आवेदन पत्र भरकर, स्थानीय वन प्रमण्डल या वन प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा के साथ समर्पित करें।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए https://state.bihar.gov.in/cache/36/Media%20Gallery/Scheme%20Info/krishivaniki%20_os.pdf लिंक पर क्लिक करें या hariyalimission@gmail.com पर ई. मेल करें।

DEFCCofficial

कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने के लिए आवेदन प्रपत्र

1. वन प्रमंडल का नाम :– ........ 2. जिला का नाम :–........
3. वन प्रक्षेत्र इकाई का नाम :– ........ 4. प्रखंड का नाम :–........
5. आवेदक का नाम :–........ 6. पिता/पति का नाम :–........
7. पेशा :–........ 8. जन्म तिथि :–........
9. स्थायी पता :– ........
10. वर्तमान पत्राचार का पता :– ........
(दूरभाष/मोबाईल नं0) ........ 11. ई–मेल (यदि हो) :– ........
12. भूमि का विवरण :–

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. समूह में आवेदन करने पर भूमि की विवरणी (जगह कम पड़ने पर अलग पृष्ठ में विवरणी संलग्न करें।)

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. प्रस्तावित वृक्षारोपण (कृपया ✓ करें)
(क) फार्म वानिकी (पूरी भूमि पर)
(ख) कृषि वानिकी (कृषि फसलों के साथ या मेड़ पर)
15. इच्छित प्रजाति का नाम लिखें।

| क्र0 सं0 | प्रजाति का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

16. बैंक खाता विवरणी :–

| बैंक खाता नं0 | बैंक का नाम एवं शाखा | I.F.S.C कोड |
|---|---|---|
| | | |

17. घोषणा :– मैं स्वेच्छा से अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करना चाहता/चाहती हूँ तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संपोषण की जिम्मेदारी लेता/लेती हूँ। वृक्षों के परिपक्व होने अथवा आँधी तूफान में गिरने/सूखने की स्थिति में ही इन पौधों की कटाई आवश्यकतानुसार करूँगा/करूँगी। पौधों का सुरक्षित मूल्य देने के लिए मैं सहमत हूँ।
संलग्न अभिलेख की विवरणी
1.
2.
3.
आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम (तिथि के साथ)

PR No.- 012666 (Forest)D. 2026-27

# पंचायतों के विकास के लिए जारी किए गए 1850 करोड़

**पंचायती राज विभाग ने जारी किया ब्योरा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में पंचायतों को मजबूत करने के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की सिफारिश पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1850 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इस राशि को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर पंचायती राज विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ की तरफ से इस राशि को लेकर गलत तथ्य प्रस्तुत किए जा रहे हैं। 1850 करोड़ रुपये को पंचायत में अलग-अलग विकासात्मक कार्यों के लिए दिया गया है। इसमें संविदा पर काम कर रहे पंचायत कार्यपालक सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, तकनीकी सहायक और लेखापाल सह आईटी सहायक के मानदेय के लिए 221.71 करोड़ रुपये दिए गए हैं। त्रिस्तरीय पंचायतों और ग्राम कचहरियों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के मासिक भत्ते के लिए 319.96 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के रख-रखाव के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को 214.37 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पंचायत सरकार भवनों के निर्माण के लिए भवन निर्माण विभाग को 300 करोड़ और स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को 200 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पंचायतों में मोक्षधाम, श्मशान घाट और मुक्तिधाम के निर्माण के लिए 402.45 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इन सभी मदों के बाद 191.5 करोड़ रुपये की राशि विभाग के पास शेष है, जो वित्त विभाग की सहमति के बाद अगली किस्त के साथ पंचायतों को जारी की जाएगी। विभाग ने बताया कि छठे राज्य वित्त आयोग की बाकी राशि जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही 16वें वित्त आयोग के तहत 2026-27 की राशि के लिए भारत सरकार से मांग की गई है। सरकार की ओर से राशि जारी करना प्रक्रियाधीन है।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रतिकूल मौसम के कारण स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल द्वारा सीइएनः 08/2024 के तहत जगजीवन स्टेडियम, खगौल, दानापुर में 26.09.2026 एवं 27.09.2026 को निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा को खराब मौसम, लगातार बारिश एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अगली सूचना शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम एवं अद्यतन जानकारी हेतु रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना की आधिकारिक वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित सूचनाओं पर ही भरोसा करें तथा किसी अन्य स्रोत से प्राप्त भ्रामक सूचना से सावधान रहें।

## अध्ययन दौरे पर न्यूजीलैंड पहुंचे डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना/ऑकलैंड।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार अध्ययन दौरे के क्रम में शुक्रवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड पहुंचे। ऑकलैंड हवाई अड्डे पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों और भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. प्रेम कुमार के न्यूजीलैंड प्रवास को संसदीय अध्ययन दौरे के क्रम में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भारत और न्यूजीलैंड के बीच संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को लेकर संवाद की उम्मीद है। डॉ. प्रेम कुमार के विदेश अध्ययन दौरे का उद्देश्य विभिन्न देशों की संसदीय कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं को समझना तथा उनके अनुभवों से सीख लेना है। ऑकलैंड पहुंचने के बाद भारतीय दूतावास के अधिकारियों और भारतीय समुदाय के लोगों से उनकी मुलाकात हुई। इससे पहले विदेश प्रवास के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने प्रवासी भारतीयों से संवाद और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है। न्यूजीलैंड प्रवास के दौरान भी उनके कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। उनके आगमन से वहां रह रहे भारतीय समुदाय में उत्साह देखा गया।

## प्रौद्योगिकी विजन 2035 युवा पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एलआईसीबीभी फाउंडेशन के तत्वावधान में देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ, पटना के सहयोग से शुक्रवार को महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में 'प्रौद्योगिकी विजन 2035' विषय पर विशेष मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, नवोदित उद्यमियों और नवाचार से जुड़े प्रतिभागियों को उभरती प्रौद्योगिकियों, उनके संभावित प्रभाव तथा भविष्य के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों और अतिथियों के स्वागत से हुई। एआईसीबीभी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद कुमार कर्ण ने स्वागत संबोधन में मास्टर क्लास की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त विजय प्रकाश ने मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत करते हुए 'प्रौद्योगिकी विजन 2035' की प्रासंगिकता तथा विद्यार्थियों और युवा पीढ़ी के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। एएसपीएल फ्यूजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सह-संस्थापक डॉ. (प्रो.) प्रभात रंजन ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रौद्योगिकी के बदलते स्वरूप, नवाचार, नव उद्यम संस्कृति और उद्योग जगत की बदलती आवश्यकताओं के संदर्भ में भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों, मामले के अध्ययन और उद्योग जगत के अनुभवों के माध्यम से प्रौद्योगिकी को शिक्षा, कौशल, उद्यमिता और सामाजिक विकास से जुड़ी व्यापक प्रक्रिया बताया। मास्टर क्लास में संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ। अंत में शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ऑकलैंड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड प्रवास के दौरान बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ऑकलैंड में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित था। उनका एकात्म मानवदर्शन भौतिकवाद और पूंजीवाद से परे मनुष्य, समाज और प्रकृति के बीच संतुलित एवं समग्र समन्वय की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि राष्ट्र की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब समाज के सबसे कमजोर और उपेक्षित व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचे। यही अंत्योदय का मूल मंत्र है जो आज देश की लोककल्याणकारी नीतियों की आधारशिला बन चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का अवसर उनके विचारों को आत्मसात कर सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है।

## अखिल भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब ने किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** समाज के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज अखिल भारतीय स्टेट बैंक ने महिला क्लब के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 'नयी आशा' गक्का के लिए एक विशेष दान कार्य का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रीदेवी सूर्या, अध्यक्ष, अखिल भारतीय स्टेट बैंक, महिला क्लब ने संस्था को शैक्षणिक सामग्री किट, कम्प्यूटर, मेज एवं स्मार्ट शिक्षण बोर्ड प्रदान किया। इन संसाधनों से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलेगी। पूजा जोशी अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, महिला क्लब, पटना मंडल की उपस्थिति में यह सम्पूर्ण सीएसआर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने और जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में अखिल भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अखिल भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण तथा शिक्षा के प्रसार के लिए निरंतर विभिन्न सामाजिक पहल करता रहा है।

## ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कई प्रदेशों के अध्यक्ष का मनोनयन

**बिहार में दीपक अभिषेक पुनः बने प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के बृज भूषण श्रीवास्तव बने राष्ट्रीय सचिव**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, प्रदेश महासचिवों एवं अन्य पदाधिकारियों की संशोधित सूची जारी की है। संगठन की ओर से जारी सूची में देश के विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। श्री प्रसाद द्वारा जारी सूची के अनुसार असम की प्रदेश अध्यक्षा नूतन सिन्हा तथा प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव बनाए गए हैं। बिहार के अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एक बार फिर दीपक अभिषेक को दी गई है। छत्तीसगढ़ में मुकेश श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष और ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। गुजरात में संजय सिन्हा, हरियाणा में रजनी श्रीवास्तव, हिमाचल प्रदेश में ब्रिगेडियर डॉ. अनिल कायस्थ तथा झारखंड में नीरज सहाय को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। कर्नाटक में नितेश शरण को प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्कर्ष आनंद को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। मध्य प्रदेश में शैलेंद्र श्रीवास्तव, तेलंगाना में सुभाष कुमार श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी गई है। पश्चिम बंगाल में अशोक दास को प्रदेश अध्यक्ष और रंजीत कर्ण को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। राजस्थान में गिरीश माथुर को प्रदेश अध्यक्ष तथा दीपेश भटनागर को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश में शुभ्रांशु श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष और राजीव सक्सेना को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। महाराष्ट्र की संशोधित सूची में अनिल कुमार चंचल को प्रदेश संयोजक, संजय कामता प्रसाद को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तथा सुनील कुमार को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर ने बताया कि ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया है। छत्तीसगढ़ के बृज भूषण श्रीवास्तव को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को और मजबूत करने तथा कायस्थ समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## आट्या-पाट्या प्रशिक्षण शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पांच दिवसीय आट्या-पाट्या प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को आट्या-पाट्या खेल की तकनीकी बारीकियों, खेल के नियमों एवं बेहतर प्रदर्शन के गुर सिखाए गए। प्रदेश के महासचिव तरुण कुमार आजाद ने बताया कि आगामी 33वीं बालक एवं 26वीं बालिका राष्ट्रीय आट्या-पाट्या चैंपियनशिप के लिए 30 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कराया गया है। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वैशाली।** शिक्षक एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित 'गुरु सम्मान समारोह 2026' में शिक्षाविद्, कौशल विशेषज्ञ एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. आनंद रंजन झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का आयोजन 25 सितंबर 2026 को किया गया। कार्यक्रम में महान गणितज्ञ एवं शिक्षाविद् डॉ. प्रो. के. सी. सिन्हा की भी विशेष उपस्थिति रही। वहीं इस भव्य मंच की शोभा बढ़ाने के लिए ज्ञान देव मणि त्रिपाठी, एल. बी. सिंह, उत्तम यादव सहित कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित रहे। समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता होते हैं तथा गुरु का सम्मान हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कारों का प्रतीक है। कार्यक्रम में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी की एसोसिएट स्पांसर के रूप में भी सहभागिता रही।
भव्य मंच, विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति और शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा यह आयोजन हाजीपुर में रीता पैलेस में संपन्न हुआ जो गरिमामय एवं यादगार रहा।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, राष्ट्रीय मंत्री समेत नेताओं ने किया नमन

**पीएम मोदी के विकसित भारत का संकल्प 2047 तक होगा साकार : सिद्धार्थ शंभू**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल, महान विचारक, संगठनकर्ता और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पहले प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसानिया, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू सहित प्रदेश के पदाधिकारियों, पार्टी नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय परिसर में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों एवं योगदान को याद किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय चिंतन और संस्कृति को केंद्र में रखते हुए एकात्म मानववाद का विचार देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रेरणा देता है। सिद्धार्थ शंभू ने कहा कि 2013 के भारत और 2026 के भारत में बहुत अंतर है। पहले भारत कई क्षेत्रों में दूसरे देशों पर निर्भर रहता था, लेकिन आज देश स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी क्षमताओं को विकसित कर रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

## रेलवे परिसर में स्वच्छता प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर लगेगा एक हजार का दंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने तथा यात्रियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे स्टेशन नियम, 2012 के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी प्रावधानों को प्रभावी बनाया गया है तथा जन विश्वास अधिनियम - 2026 के माध्यम से किए गए संशोधन के बाद स्वच्छता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के लिए निर्धारित दंड को 500 से बढ़ाकर 1,000 किया गया है। रेलवे परिसर में कूड़ा-कचरा फैलाना अथवा ऐसी कोई गतिविधि करना जिससे रेलवे परिसर की स्वच्छता प्रभावित होती है, नियमों के अंतर्गत दंडनीय है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति पर 1,000 का दंड लगाया जा सकता है। रेलवे परिसर की स्वच्छता को प्रभावित करने वाली गतिविधि करने पर 1,000 का दंड। यदि संबंधित व्यक्ति निर्धारित 1,000 के दंड का भुगतान नहीं करता है तो उसे सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसे व्यक्ति पर 2,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस प्रावधान का उद्देश्य यात्रियों को दंडित करना मात्र नहीं, बल्कि रेलवे परिसरों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन को बढ़ावा देना है। यात्रियों से अपील है कि वे रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज एवं अन्य रेलवे परिसरों में कूड़ा-कचरा न फैलाएं और कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें।

## भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सी. एस. शेट्टी ने 'स्वावलंबन एक्सपो' और 'होम एवं कार लोन एक्सपो' का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सी. एस. शेट्टी ने आज पटना मंडल का दौरा किया। यह दौरा बिहार के साथ एसबीआई के जुड़ाव को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की वित्तीय आकांक्षाओं को समर्थन देने के प्रयासों का एक हिस्सा है।
अपने इस दौरे के दौरान श्री शेट्टी ने भारतीय स्टेट बैंक की ओर से गांधी मैदान में 25- 26 सितंबर तक आयोजित दो प्रमुख प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया जो 'एसबीआई स्वावलंबन एक्सपो' और 'एसबीआई होम एवं कार लोन एक्सपो' है। इस अवसर पर पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी के साथ अन्य शीर्ष अधिकारी भी उपस्थित थे। एसबीआई स्वावलंबन एक्सपो मुख्य रूप से महिला उद्यमियों, ग्रामीण आजीविका, स्वयं सहायता समूहों, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और समुदाय-नेतृत्व वाले उद्यमों पर केंद्रित है। दूसरा प्रमुख आकर्षण 'एसबीआई होम एवं कार लोन एक्सपो' है, जो होम लोन के मौजूदा ग्राहकों, संभावित घर खरीदारों, ऑटोमोबाइल खरीदारों, प्रमुख बिल्डरों, कार डीलरों और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह एक्सपो आगंतुकों को होम लोन, कार लोन, आकर्षक वित्तीय विकल्पों, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अग्रणी बिल्डरों तथा ऑटोमोबाइल डीलरों से जुड़ने के अवसरों तक आसान पहुंच प्रदान करता है।

## महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया हाजीपुर स्टेशन का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा हाजीपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाप्रबंधक द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म सं. 5 की ओर स्थित द्वितीय प्रवेश द्वार आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा आदि का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने हाजीपुर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा उच्च गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य एवं उन्नत यात्री सुविधा की उपलब्धता पर विशेष बल देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विदित हो कि स्टेशन पुनर्विकास योजना के माध्यम से स्टेशनों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यात्री सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर प्लेटफॉर्म सुविधाओं, सुगम आवागमन, स्वच्छता एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र से जुड़े विकास कार्य यात्रियों को नया अनुभव प्रदान करेगा।

## बाढ़ के बाद युद्धस्तर पर मरम्मत से राज्यभर में आवागमन बहाल

**सड़क, पुल-पुलियों की मरम्मतीकरण के साथ सुरक्षा के लिहाज से जगह-जगह बैरिकेडिंग और संकेतक का प्रयोग**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के विभिन्न जिलों में आई हालिया बाढ़ के कारण कई प्रमुख सड़कों, एप्रोच मार्गों और तटबंधों को भारी नुकसान पहुंचा था। आम जनजीवन और यातायात को सुगम बनाने के लिए पथ निर्माण विभाग ने तत्परता दिखाते हुए राज्यभर में क्षतिग्रस्त इन सड़कों की मरम्मत और पुनर्स्थापन कार्य किए और विभाग के इस त्वरित कार्रवाई से बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवागमन पूर्णतः बहाल किया जा सका। कुछ स्थानों पर अभी भी कार्य चल रहा है।
पथ निर्माण विभाग के अनुसार पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, सारण, पटना, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण, भोजपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुजफ्फरपुर और अररिया सहित कई जिलों में कटाव और जलजमाव से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व पुल-पुलियों को तेजी से दुरुस्त किया गया है। मुख्य रूप से पूर्णिया के रूपौली से विजयघाट (भाया मोहनपुर) पथ के मोहनपुर, बनकट्टा और लालगंज के पास हुए गड्ढों को ग्रेन्युलर सब-बेस और सैंड बैग्स (बालू की बोरियों) से भरकर फ्लैंक की मरम्मत की गई जिससे यातायात चालू हुआ। वहीं, अमदाबाद-मनिहारी मार्ग के लगभग 6 हजार मीटर लंबे क्षतिग्रस्त हिस्से में जल निकासी के उपरांत गोविंदपुर डालाबीर बाबूपुर के पास स्थायी मरम्मतीकरण का कार्य शुरू किया गया है। इस स्थान पर सुरक्षा के उद्देश्य से बैरिकेडिंग की गई है। इसके अतिरिक्त तेलता-महिशाल, ग्वालटोली-कुशीदा, दमदमा-आजमनगर, सोनौली-चांदपुर चौक और कटिहार-पूर्णिया पथ (एनएच-62) पर रेनकट व शोल्डर की मरम्मतीकरण सीमेंट/बालू बैग, डेंस बिटुमिनस मैकाडम (डीबीएम) बिटुमिनस कंक्रीट (बीसी) और वेट मिक्स मैकाडम से की गई है। भागलपुर के डोमनिया चौक, पीरपैंती से बाबूपुर (भाया बाखरपुर व बाबूटोला) मार्ग के सोल्डर और एप्रोच का अस्थायी पुनर्स्थापन कर आवागमन शुरू कराया गया। इसके अलावा तिलकामांझी-चम्पानगर पथ के तहत भैरवा तालाब, मोहनपुर, साहेबगंज और दोगच्छी में क्षतिग्रस्त रोड क्रस्ट की मरम्मतीकण की गई। सारण के इनई बड़ा तेलपा पथ (रूपगंज, तेलपा), डुमरी दनौरा, मुसेपुर चनौरा मार्ग (रसूलपुर, मुसेपुर बाजार), एनएच-19 चिरांद टीला मार्ग, थाना चौक से छपरा कचहरी स्टेशन रोड, मजहरूल चौक से साहेबगंज एवं दरोगा राय चौक आदि सड़कों के मुख्य सुरक्षा बांधों व एप्रोच रोड पर क्षतिग्रस्त पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी), जीएसबी, फ्लैंक एवं बिटुमिनस कंक्रीट की तत्काल मरम्मत कर यातायात शुरू किया गया। इधर, राजधानी पटना के भद्रघाट से दीदारगंज साउदर्न बैंक, महावीर घाट, गायघाट, बलवाचौक, नीमा, मदारपुर, रसूलपुर, सुकूलपुर, बरारपुर, रायपुर, खासपुर, पुनपुन सुरक्षा बांध से मिरजापुर गांव, देवरिया, मनोरा, बढ़हिया एवं सोनपुर के सबलपुर राहर दियारा, कचहरी बाजार, हथियाटोक, बिंद टोली, गोला बाजार आदि क्षेत्रों में जलजमाव व फ्लैंक कटाव से प्रभावित मार्गों को दुरुस्त कर आवागमन बहाल किया गया। हाजीपुर (वैशाली) के रुस्तमपुर एवं हेमंतपुर के समीप क्षतिग्रस्त सड़कों पर त्वरित मरम्मत कार्य कराया गया।

## स्वयं सहायता समूह मेगा क्रेडिट आउटरीच शिविर 'स्वावलंबन' का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल ने स्वयं सहायता समूह मेगा क्रेडिट आउटरीच शिविर 'स्वावलंबन 2026' का आयोजन ज्ञान भवन में किया । इस कार्यक्रम में शामिल होने हेतु विभिन्न जिलों से आयी जीविका दीदियों को भारतीय स्टेट बैंक अध्यक्ष सी. एस. शेट्टी, हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जीविका, अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल तथा विजय कुमार सामल, महाप्रबंधक, (उत्तर बिहार), भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक एवं जीविका के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
बैंक के अध्यक्ष श्री शेट्टी ने भारतीय स्टेट बैंक तथा जीविका के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में इसे और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जीविका ने अपने संबोधन में जीविका द्वारा महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे अनेक पहल की जानकारी दी तथा आह्वान किया कि बैंक इन सभी पहलों के क्रियान्वयन में अपनी सशक्त भागीदारी प्रदान करे।

CMYK

# डीएम के नेतृत्व में एसपी जैन कॉलेज मोड़ के पास चला विशेष सड़क सुरक्षा अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सासाराम शहर के एसपी जैन मोड़ के समीप विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों के बीच निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया। बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को माला पहनाकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। जिला पदाधिकारी ने वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन तथा यातायात नियमों के सम्मान के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियम केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का माध्यम है। यातायात नियमों का पालन कर हम स्वयं के साथ अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से जिम्मेदार वाहन चालक बनने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। इस दौरान उप विकास आयुक्त डॉ आकांक्षा आनंद, जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी आशीष रंजन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## रोहतास में 206 एएसआई बने एसआई, एसपी ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर रोहतास पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। एसपी मिस्टर राज द्वारा सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक के उच्चतर पद पर प्रोन्नत हुए कुल 206 पुलिस पदाधिकारियों को स्टार पहनाकर कार्यप्रभार सौंपा गया। इस अवसर पर सभी को नई जिम्मेदारी के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसमें दरिहट थाने के पांच एसआई संजीव कुमार, उदय कुमार, बेबी कुमारी, दीपक कुमार चौरसिया, राजीव रंजन और आयर कोठा थाने के नीरज कुमार और अकोढी गोला थाने से संजय सिंह, धनंजय कुमार, दीपक शुक्ला, अजय कुमार, राजेंद्र राय, उमाशंकर शामिल हैं जिन्हें एसपी ने सम्मानित किया। थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी और आयर कोठा थानाध्यक्ष शिवम कुमार तथा अकोंढी गोला थाने से प्रभारी थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने सभी प्रोन्नत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# जनता दरबार में 107 परिवादों की सुनवाई, 34 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों बिक्रमगंज, काराकाट, नासरीगंज, दावथ, संझौली, दिनारा और राजपुर से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 107 परिवादियों की समस्याओं की गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई जिनमें भूमि विवाद से संबंधित 83 परिवाद, आपूर्ति विभाग से संबंधित 16 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 8 परिवाद शामिल थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने 34 परिवादियों के आवेदनों पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए तत्काल निष्पादन कर दिया जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों, आपूर्ति पदाधिकारियों और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी परिवादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और आम नागरिक अपनी समस्याओं को बेझिझक जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं ताकि उन्हें न्याय मिल सके। जनता दरबार में बड़ी संख्या में भूमि विवाद के मामले आने से यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में जमीन संबंधी समस्याएं प्रमुख हैं जिनके समाधान के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है और जनता दरबार जैसे आयोजनों से लोगों को सीधे पदाधिकारियों से संवाद का अवसर मिल रहा है।

# थाने के तीन कर्मियों का प्रमोशन, बने पुअनि, क्षेत्र में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज /दावथ (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा थाना के लिए गर्व का क्षण है जब यहां पदस्थापित तीन पुलिसकर्मियों राजेश पासवान, दयाशंकर पाठक और सत्येंद्र कुमार सिंह का सशस्त्र अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रमोशन हुआ है। इस प्रोन्नति से न सिर्फ थाना बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है और थाने का नाम रोशन हुआ है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इन तीनों जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और मेहनत का ही परिणाम है कि उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है और इनकी यह प्रोन्नति सिर्फ पूरे थाने के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने तीनों नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि वे आगे भी इसी लगन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। वहीं इस खुशी के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी सुदामा पांडे, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, प्रसिद्ध राजद नेता विजय सिंह यादव, अशोक कुमार यादव, मुखिया पिंटू सिंह, बलिराम सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रवि पटेल सहित कई गणमान्य लोगों ने तीनों कर्मियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। सभी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के थाने में पदस्थापित जवानों का प्रमोशन होना अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है और इससे पुलिस बल का मनोबल बढ़ता है।

# सोन नदी का जलस्तर बढ़ा, इंद्रपुरी बराज के 15 फाटक खोले गए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** चार दिनों से लगातार हो रही वर्षा के बाद सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी है। गुरुवार दोपहर 3 बजे तक इंद्रपुरी बराज पर पानी की आवक बढ़ने से प्रशासन ने 15 फाटक खोल दिए हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 55986 क्यूसेक पानी आ रहा है जिसमें से बराज के 44249 क्यूसेक पानी सोन नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। अभी जलस्तर बढ़ोतरी की ओर है। धान की फसलों के पटवन के लिए पश्चिमी संयोजक नहर में 8826 व पूर्वी संयोजक नहर में 3909 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। मध्य प्रदेश के बाणसागर मुख्य बांध में आवक में वृद्धि एवं पूर्ण भराव जलस्तर को बनाए रखने हेतु बाणसागर मुख्य बांध के एक गेट खोल कर 11733 , उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से 31201 व झारखण्ड के भीम बांध से 6245 क्यूसेक पानी आज छोड़ा गया है। मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के अनुसार लगातार बारिश के कारण नदी के जलस्तर में और वृद्धि की संभावना है। विभाग द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# सात स्थानों पर एक साथ गूंजे वंदे मातरम, 600 लोग हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर कल्याणपुर-बंजारी द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे विद्यालय से जुड़े छात्र-छात्राओं, आचार्यों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने सात अलग-अलग स्थानों पर एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में करीब 600 लोगों ने सहभागिता की। निर्धारित सभी सात स्थानों पर एक ही समय और एक ही लय में राष्ट्रगीत के स्वर गूंजे जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। लोगों ने सामूहिक गायन के माध्यम से राष्ट्र के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज के लोगों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा देश के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। इस दौरान वंदे मातरम के महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान को भी याद किया गया।

# बुजुर्गों की रेलवे किराया छूट बहाल करे सरकार : वरिष्ठ नागरिक संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ नागरिक संघ, रोहतास ने बुजुर्गों के लिए रेलवे यात्रा में मिलने वाली किराया रियायत को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष लालजी प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष सीताराम लाल के संयुक्त नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात कर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे टिकट में मिलने वाली किराया रियायत बंद कर दी गई थी। कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी इस सुविधा को पुनः बहाल नहीं किया गया है। इससे देशभर में रेल से यात्रा करने वाले बुजुर्गों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे टिकट में पूर्व की तरह 40 से 50 प्रतिशत तक की किराया छूट देने की मांग की गई। संघ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह रियायत महज सुविधा नहीं, बल्कि उनके सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा विषय है। बढ़ती महंगाई के दौर में रेल किराये में छूट मिलने से बुजुर्ग यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

**सरकार से शीघ्र निर्णय की मांग**

संघ के नेताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश और समाज के विकास में योगदान देते हुए बिताया है। ऐसे में उनके लिए रेलवे यात्रा को किफायती बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वरिष्ठ नागरिकों के हित में रेलवे किराया रियायत को शीघ्र बहाल किया जाए।

## मुश्ताक खान के निधन पर अभिनव कला संगम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बॉलीवुड के चर्चित सह अभिनेता एवं हास्य कलाकार मुश्ताक खान के निधन पर जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम परिवार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुश्ताक खान के निधन से हिंदी सिनेमा एवं कला जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। अपने सहज, सशक्त और प्रभावशाली अभिनय से उन्होंने लंबे समय तक दर्शकों के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। आशिकी, हम हैं राही प्यार के, हेराफेरी, जोड़ी नंबर 1, मुझसे शादी करोगी, गदरः एक प्रेम कथा और वेलकम सहित अनेक फिल्मों में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा।

# अपराध की कोई जाति नहीं : बैरिस्टर

### तेजस्वी के बयान पर जदयू जिला प्रवक्ता ने जताई आपत्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू रोहतास जिला प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। हर समाज और हर जाति में कुछ लोग अपराध में संलिप्त हो सकते हैं। ऐसे में अपराध की घटनाओं को जातीय चश्मे से देखने के बजाय कानून के आधार पर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने हाल में लड़की के साथ सरेआम अभद्रता और उसका वीडियो बनाए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना को लेकर विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर बैरिस्टर सिंह ने आपत्ति जताई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जमुई की घटना को लेकर तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए है। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि किसी अपराधी की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके अपराध से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कुशवाहा समाज का कोई व्यक्ति भी इस प्रकार के अपराध में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को जातीय रंग देना समाज के लिए उचित नहीं है।

# 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित बैंक हड़ताल, रविवार को खुलेंगे सभी बैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 28, 29 और 30 सितंबर 2026 को प्रस्तावित बैंक हड़ताल को लेकर  ने ग्राहकों के लिए अलर्ट जारी किया है। बैंकों ने एसएमएस के माध्यम से सूचना दी है कि हड़ताल को ध्यान में रखते हुए सभी शाखाएं रविवार, 27 सितंबर 2026 को कार्यरत रहेंगी।

बैंक ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक बैंकिंग कार्य 27 सितंबर तक पूरे कर लें। इससे पहले बैंक ने 25 सितंबर तक कार्य निपटाने की सूचना दी थी, अब तिथि बढ़ाकर 27 सितंबर कर दी गई है। बैंक ने कहा है कि हड़ताल के दौरान भी 24गुणे 7 डिजिटल सेवाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग-यूनियन ईज, यूपीआई, एटीएम, बीसी/बैंक मित्र केंद्र ग्राहकों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेंगे। ग्राहकों को असुविधा से बचने के लिए समय पर लेन-देन पूरा करने की सलाह दी गई है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork: -

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee ,RS (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 550/PR/JUSNL/ 2026-27 | "Work for strengthening of existing earthing system of power transformer by special deep boring earthing at different GSS under Transmission Zone -IV Medininagar". | 5,900.00 | 32,500.00 |
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | | | From 29.09.2026 at 12.00 PM to 20.10.2026 at 12.00 PM | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | 29.09.2026 at 12.00 PM | |
| End date and time of upload of BID | | | 20.10.2026 at 12.00 PM | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | 21.10.2026 at 12:00PM | |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | | | Will be communicated later on | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009for any enquiry. The bids will be received through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.390499 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27):D


# अनंत चतुर्दशी हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अनंत व्रत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों, शिवालयों और घरों में व्रत कथा का आयोजन किया गया जहां महिलाओं और पुरुषों ने भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, मंगल और संकटों से मुक्ति की कामना की और 14 गांठों वाला अनंत सूत्र धारण किया। बुढ़वा शिव मंदिर के महंत रामेश्वर गिरि ने बताया कि अनंत व्रत करने से सभी संकट दूर होते हैं और अनंत फल की प्राप्ति होती है और इस दिन अनंत सूत्र धारण करने का विशेष महत्व है। अनंत व्रत की पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में सुमंत नामक ब्राह्मण की पुत्री सुशीला थी जिसका विवाह ऋषि कौंडिन्य से हुआ था। एक बार अनंत चतुर्दशी पर सुशीला ने महिलाओं को अनंत व्रत करते देखा और भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा कर 14 गांठों वाला अनंत सूत्र हाथ में बांध लिया। इससे उसके घर में सुख-समृद्धि आने लगी, लेकिन एक दिन कौंडिन्य ने इसे साधारण धागा समझकर तोड़कर आग में फेंक दिया। इसके बाद उनके घर में दरिद्रता आ गई और वे अत्यंत दुखी रहने लगे। अपनी भूल का अहसास होने पर कौंडिन्य पश्चाताप में वन में अनंत भगवान को खोजने निकल पड़े और घोर तपस्या की। अंत में भगवान विष्णु प्रसन्न होकर अनंत रूप में प्रकट हुए और उन्होंने बताया कि अनंत मैं ही हूं और सूत्र का अपमान करने से ही यह कष्ट आया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 66-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 23.09.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-: सीतारामपुर-झाझा खंड में लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,96,21,753.96, **बयाना राशि:** रु. 3,92,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 15.10.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/**

ASN-271/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Circle, Daltonganj

**Very Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part -I Technical and Commercial and Part -II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 260/PR/JBVNL /2026-27 | Wiring of newly Constructed Transformer repairing workshop and Store shed including Guard room at Chaukhada, Chhatapur under Electric Supply Circle, Daltonganj | 7,23,765.00 | 14500/– | 1250.00+226.00 (GST 18%) = 1476.00 | 30 days |
| 2 | 261/PR/JBVNL /2026-27 | Heating chamber wiring and wiring for testing equipment for newly Constructed transformer Repairing Workshop at Chaukhada, Chhatarpur, under Etectric Supply Circle, Daltonganj | 17,93,719.00 | 35900/- | 2500.00+450.00 (GST 18%) = 2950.00 | 30 days |
| Availability of tender document on website | | | | 26.09.2026 3:00 PM to 12.10.2026 at 4:00 PM | | |
| Last date and time for bid submission/uploading | | | | 12.10.2026 at 4:00 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | | | | 13.10.2026 at 4:30 PM | | |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | | | | will be communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | | Electrical Superintending Engineer, Electric Supply Circle, Daltonganj | | |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127 Executive Engineer (Civil).

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any deta ils required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (jharkhandtenders.gov.in).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 390463 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj


# राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में रोहतास के छह खिलाड़ी करेंगे बिहार का प्रतिनिधित्व

### पटना में पांच दिवसीय राज्य कैंप के बाद जयपुर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास योग संघ के छह प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले सभी चयनित खिलाड़ी पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कैंप में प्रशिक्षण के लिए पटना जाएंगे। राज्य कैंप के बाद खिलाड़ी पटना से जयपुर के लिए रवाना होंगे जहां राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में शिवांशी स्वरा (8 से 10 आयु वर्ग), भूमि कुमारी (10 से 12 आयु वर्ग), नव्या कुमारी (12 से 14 आयु वर्ग), आदित्य कुमार (14 से 16 आयु वर्ग), पायल श्रीवास्तव (16 से 18 आयु वर्ग) और पूनम कुमारी (16 से 18 आयु वर्ग) शामिल हैं। खिलाड़ियों के साथ रोहतास योग संघ के सचिव विजय कुमार, अध्यक्ष अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष नवल किशोर सिंह एवं योग प्रशिक्षक नवल किशोर सिंह के साथ रहने की जानकारी दी गई है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास किया है और राज्य कैंप के दौरान उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। छह खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिले के खेलप्रेमियों में खुशी है। जिला खेल पदाधिकारी नैन प्रकाश, एमडी मनोज कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह, शुभम बिल्डिंग मटेरियल बड़की खराड़ी के सत्येंद्र कुमार सिंह, जय शंकर कुमार (खेल शिक्षक, खरारी), युगल किशोर सिंह, सरिता कुमारी (प्रधानाध्यापिका, बाबा किड्स गार्डन स्कूल), बिहारी बाबू और सूरज कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। योग संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना रोहतास के लिए गौरव की बात है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जिले के अन्य बच्चों को भी योग एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-469, दिनांक 23.09.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "मालदा टाउन मंडल में एचवीएलएस फैन, एयर सर्कुलेटिंग, एग्जॉस्ट फैन, डीजी सेट प्रदान करते हुए यात्री सुविधाओं में सुधार एवं अन्य सहायक कार्यों आदि" के संबंध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.65,81,616.15, **बयाना राशि:** रु. 1,31,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 02.10.2026 से 16.10.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-201/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## डीएम ने जन-सुनवाई में 26 फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शुक्रवार को आयोजित जन-सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे 26 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में खेत के अंदर से रास्ता उपलब्ध कराने, कल्याण करने, वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होने के बावजूद रास्ता विवाद तथा ग्राम मादाचक में आवासीय मकान को तोड़ने या क्षतिग्रस्त किए जाने से जुड़े मामले सामने आए। इन मामलों में अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया विद्यालय में नामांकन से संबंधित शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी का नाम हटाए जाने तथा इंदिरा आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि जन-सुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं करने का निर्देश दिया।

## पंचायत सरकार भवन में ग्राम सभा का आयोजन



नारदीगंज,नवादा। पेश पंचायत के पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) के क्रियान्वयन पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। मुखिया ने निर्देश दिया कि योजना के तहत आवेदनों की निष्पक्ष जांच की जाए और केवल पात्र लाभुकों का चयन कर सूची सार्वजनिक की जाए, ताकि प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। इस मौके पर पंचायत सचिव राजकुमार यादव, कार्यपालक सहायक दीपक कुमार, उप-मुखिया शोभा देवी, और ग्रामीण पप्पू कुमार, रहीश कुमार, रामचंद्र यादव, उपेन्द्र चौधरी, महिपाल राजवंशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत चंडी में पौधरोपण

बिहारशरीफ। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को चंडी के रुखाई गांव में भाजपा की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रवक्ता सह पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने जामुन और बड़हर के पौधे लगाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर राजद के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि राजद को चुनाव आयोग पर सवाल उठाने के बजाय पहले जनता का विश्वास जीतने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का दायित्व निष्पक्ष चुनाव कराना और मतों की गिनती सुनिश्चित करना है। उनके अनुसार लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर भरोसा जरूरी है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि राजद के नेता लगातार चुनाव आयोग समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। जिला प्रवक्ता धीरेंद्र रंजन ने भी कांग्रेस पर चुनाव में जनता का विश्वास नहीं जीत पाने के बाद संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया के प्रति अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया। मौके पर चंडी नगर अध्यक्ष निवोध कुमार, चंडी ग्रामीण अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, राकेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, सौरभ कुमार, मंटू सिंह, सन्नी पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अधिकारियों ने किया हर घर नल-जल योजना का निरीक्षण

कौआकोल। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को हर घर नल-जल योजना के तहत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा नियुक्त विभिन्न अधिकारियों की टीम ने प्रखंड की सभी पंचायतों में पहुंचकर नल-जल योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, जलमीनार, पाइपलाइन, नल कनेक्शन समेत योजना से जुड़े अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से योजना के संचालन और लोगों को मिल रही पेयजल सुविधा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी योजना के संचालन में तकनीकी या अन्य प्रकार की समस्या पाई गई,इसकी सूचना सम्बन्धित प्रपत्र में विभाग को सौंपने की बात कही गई।

## एएसआई से एसआई बनने पर एसपी ने लगाया स्टार



अकबरपुर। जिले के पुलिस विभाग में पदोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) को पदोन्नति मिलने के बाद अवर निरीक्षक (एसआई) का पदभार दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनुभव धीमान ने उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की औपचारिक घोषणा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति पुलिसकर्मी की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। नई जिम्मेदारी के साथ पुलिस पदाधिकारी से अपेक्षा है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी ईमानदारी एवं तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में प्रत्येक पद के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं, इसलिए पदोन्नत अधिकारी अपने अनुभव का उपयोग बेहतर पुलिसिंग के लिए करें। स्टार लगाए जाने के बाद नवपदोन्नत एसआई सतोष कुमार सिंह,शत्रुघन राम,सुरज हासदा,संजीत कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे। सहकर्मियों ने भी नवपदोन्नत अधिकारी को बधाई दी।

## पांच माह से नहीं मिली रसोइया की मानदेय राशि

नवादा। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा की मध्याह्न भोजन योजना द्वारा विगत पांच माह से एमडीएम एवं रसोइया की मानदेय राशि का भुगतान नहीं किए जाने से विद्यालय में कार्य कर रहे रसोईया भुखमरी के कगार पर आ गया है। साथ-साथ प्रधानाध्यापक भी मध्याह्न भोजन संचालन से हाथ खड़ा कर दिए हैं। भेंडर या स्थानीय दुकानदारों द्वारा उधार देना बंद कर दिया गया है जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए चल रही मध्याह्न भोजन की व्यवस्था विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के लिए गले की फांस बन गई है। एक तरफ विभाग द्वारा प्रधानाध्यापक पर दबाव बनाया जा रहा है कि किसी भी हाल में मध्याह्न भोजन बाधित नहीं हो। इसी बीच विभागीय निरीक्षण से प्रधानाध्यापक को आर्थिक दंड के साथ स्पष्टीकरण का भय व्याप्त है। विगत 5 माह से मध्याह्न भोजन की राशि नहीं मिलने से प्रधानाध्यापक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन पर उधारी का बोझ बढ़ता जा रहा है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर

# श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवादा। भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में जनसंघ के महान विचारक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी अचल पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।



इस अवसर पर अचल पटेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय चिंतन, राष्ट्रवाद और अंत्योदय के प्रखर प्रवक्ता थे। उन्होंने एकात्म मानववाद के माध्यम से भारत की संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित विकास की विचारधारा प्रस्तुत की। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन त्याग, तपस्या, सादगी और संगठन के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज की सेवा का माध्यम माना। उनका अंत्योदय का विचार आज भी जनकल्याण की प्रेरणा देता है। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सेवा कार्यों के माध्यम से उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा एवं नीतू गुप्ता, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, सह कोषाध्यक्ष तरुण राजवंशी, जिला प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी एवं बब्लू कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जीतेन्द्र पासवान, मीडिया प्रभारी गौतम कुमार, आईटी सेल संयोजक संदीप महतो,युवा मोर्चा के महामंत्री रोहित कुमार, वरिष्ठ नेता सूर्यनारायण गुप्ता, महिला मोर्चा महामंत्री किरण भारती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजद ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला मुख्यालयों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इसी क्रम में नालंदा जिला राजद कार्यकर्ताओं ने बिहारशरीफ के अस्पताल चौराहा पर पुतला फूंका और एसआईआर प्रक्रिया का विरोध जताया। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु ने कहा कि तेजस्वी यादव ने एसआईआर के मुद्दे को लेकर पूरे बिहार में लोगों को कथित वोट चोरी के प्रति जागरूक किया था। उन्होंने कहा कि राजद की टीम ने भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन भाजपा के दबाव में आरोपों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने तेजस्वी यादव द्वारा बिहार समेत पांच राज्यों के चुनाव रद्द करने की मांग का समर्थन किया। साथ ही बिहार समेत पांच राज्यों की सरकारों को उन्होंने 'वोट चोरी की सरकार' बताया। मौके पर सुनील यादव, मनोज यादव, अनिल महाराज, दीपक कुमार, कल्लू यादव, मिथिलेश प्रसाद, खुर्शीद अंसारी, टनटन खां, प्रमोद गुप्ता, जीतू यादव, मोहम्मद महफूज आलम, विनोद कुमार, पवन यादव, अरविंद शर्मा, मंटू यादव, आचार्य सरोज ठाकुर, गोलू यादव, रामानंद यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## कौआकोल पीएचसी के लिपिक के खिलाफ कर्मियों ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कौआकोल। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में शुक्रवार को कर्मचारियों का आक्रोश उस समय सामने आया,जब विभिन्न समस्याओं और कार्यालयी कार्यप्रणाली व पीएचसी में लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत लिपिक कौशल किशोर के मनमानी के विरोध में स्वास्थ्यकर्मियों ने कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पीएचसी के लिपिक कौशल किशोर पर विभिन्न कार्यों के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए उनके अविलंब स्थानांतरण की मांग की। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि कार्यालय स्तर पर उन्हें कथित तौर पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है तथा बिना पूर्व सूचना के वेतन कटौती और स्पष्टीकरण की कार्रवाई की जाती है। कर्मचारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए मांगों से संबंधित पत्र भी अधिकारियों को सौंपा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में लिपिक का तत्काल स्थानांतरण,बिना सूचना वेतन कटौती पर रोक तथा अनुपस्थिति की स्थिति में नियमानुसार अवकाश में समायोजन शामिल है। साथ ही कर्मचारियों ने मौखिक रूप से डराने-धमकाने एवं प्रताड़ित करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा सभी कर्मियों को सेवा पुस्तिका एवं लेजर की छायाप्रति उपलब्ध कराने,कार्यालयी पत्रों को कम से कम 24 घंटे पूर्व निर्गत करने तथा आधिकारिक ई-मेल सार्वजनिक करने की मांग की गई। उपस्थिति पंजी की व्यवस्था में सुधार,पे-लेवल के अनुसार नाम दर्ज करने, इमरजेंसी वार्ड में महिला शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था तथा फील्ड स्टाफ को बायोमीट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग भी रखी गई। प्रदर्शन में फार्मासिस्ट विनय कुमार, जीएनएम जुली कुमारी, एएनएम अंशु कुमारी, एएनएम आशा सिन्हा समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं,लिपिक कौशल किशोर ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों पर इसे राजनीतिक एवं बेबुनियाद बताया है।

# नगर पंचायत के कामकाज पर प्रशासन की पैनी नजर, खुलेंगे अभिलेखों के राज

### प्रोसीडिंग, जेई बहाली और सशक्त समिति के फैसलों से जुड़े दस्तावेज खंगाले गए, कर्मियों की शिकायतें भी जांच के दायरे में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरियक। पावापुरी नगर पंचायत के कामकाज को लेकर मिली शिकायतों के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को राजगीर एसडीओ आशीष नारायण के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। टीम ने विभिन्न शिकायतों से जुड़े अभिलेखों और दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। बैठकों की प्रोसीडिंग, जेई की बहाली, सशक्त समिति के निर्णयों के अनुपालन और कर्मियों की शिकायतों समेत कई बिंदुओं की जांच की गई।जांच की शुरुआत नगर पंचायत की बैठकों की प्रोसीडिंग से संबंधित शिकायतों से हुई। वार्ड पार्षद सुषमा देवी और सुनीता देवी ने आरोप लगाया था कि बैठकों की कार्यवाही मनमाने तरीके से तैयार की जाती है और मांग के बावजूद प्रोसीडिंग की प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती। प्रशासनिक टीम ने संबंधित अभिलेखों की जांच करने के साथ अधिकारियों और कर्मियों से जानकारी ली।इसके अलावा जेई की बहाली से जुड़े दस्तावेजों और सशक्त समिति के निर्णयों के अनुपालन की भी जांच की गई। समिति की ओर से कार्यपालक पदाधिकारी पर निर्णयों को अपेक्षित गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।जांच के दौरान कुछ नगर पंचायत कर्मियों ने वार्ड छह की पार्षद के पुत्र पर कथित रूप से दबाव बनाने एवं प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया। टीम ने संबंधित कर्मियों और अन्य पक्षों से इस संबंध में जानकारी ली।आवास योजना में कथित गड़बड़ी की शिकायत पर एसडीओ ने कहा कि शिकायत मिलने पर इसकी भी जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। जांच के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार, मुख्य पार्षद रविशंकर कुमार, उप मुख्य पार्षद संजीव प्रसाद सिंह समेत अन्य अधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जीविका दीदियों को मिला 20-20 लाख का क्रेडिट, उत्पादों की ब्रांडिंग-मार्केटिंग पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय पटना की ओर से राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में एसएचजी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता च्छठ के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्रा ने की।





जीविका और दुर्गा स्वयं सहायता समूह को 20-20 लाख रुपये की स्वीकृति का चेक दिया गया। लखपति दीदी योजना के तहत दो दीदियों को कुल चार लाख रुपये का चेक मिला।

कार्यक्रम का उद्देश्य जीविका दीदियों को बैंक की क्रेडिट लिंकेज सुविधाओं से जोड़ना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना रहा।अशोक चंद्रा ने कहा कि क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से जीविका दीदियां केवल कच्चा माल खरीदने तक सीमित न रहें, बल्कि उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग और स्मार्ट मार्केटिंग पर भी ध्यान दें। इससे उत्पादों की बाजार में पहचान बढ़ेगी और महिलाओं की आय एवं मुनाफे में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं। जीविका महिलाओं के आत्मविश्वास, एकजुटता और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जुड़ा अभियान है।बैंक के अनुसार, पीएनबी ने 85,321 स्वयं सहायता समूहों को बैंक से जोड़ा है, जबकि 72,547 समूहों को क्रेडिट लिंकेज दिया गया है। कार्यक्रम में चांदनी जीविका, विष्णु बैंक सखी रानी कुमारी और रूपम कुमारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तीन लाभार्थियों के परिजनों को छह लाख रुपये का बीमा क्लेम दिया गया। कार्यक्रम के बाद अशोक चंद्रा ने बताया की पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर बाढ़ प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई और बैंक की ओर से एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दिए जाने की जानकारी दी।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवादा। शुक्रवार को नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने संगठन में अनुशासन और मयार्दा बनाए रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पीसीसी डेलीगेट श्री बलिराम सिंह जी को एक आधिकारिक स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से लिखित रूप में उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने इस संबंध में कहा कि कांग्रेस पार्टी आंतरिक लोकतंत्र का सम्मान करती है लेकिन अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है पार्टी का हर एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन के नियमों से बंधा हुआ है यदि कोई भी व्यक्ति पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने या संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जयंती पर गूंजा सेवा और जनकल्याण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नगरनौसा। नगरनौसा भाजपा मंडल कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को याद किया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे मासिक कार्यक्रम 'सेवा संकल्प' के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लाभार्थियों की मौजूदगी रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ा के पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण का लाभ पहुंचाना है।वहीं मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का लाभ पहुंचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है।कार्यक्रम में प्रदेश युवा मोर्चा प्रवक्ता सन्नी पटेल, मंडल उपाध्यक्ष प्रणव देवानंद, अभिषेक कांत, कोषाध्यक्ष कमलेश मांझी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू कुमार, अति पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु भार्गव, पंचायत अध्यक्ष चितरंजन कुमार, अनिल कुमार, कुमारी प्रियंका सिन्हा, प्रियंका कुमारी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## टैक्स वसूली तेज, लेकिन गली-नाली का अब भी इंतजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

राजगीर। पर्यटक नगरी राजगीर नगर पंचायत से नगर परिषद में तब्दील हो गई, लेकिन शहर के कई मोहल्लों की तस्वीर अब भी नहीं बदली है। पंचायती जाने वाले रास्ते में जलजमाव और कीचड़ से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बिहारशरीफ रोड से पर्यटक सूचना केंद्र के बगल से पंचायती जाने वाले रास्ते पर बारिश के बाद पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को कीचड़ व पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं और उनकी पोशाक भी गंदी हो जाती है स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायती नगर के कई घरों को बने दस साल से अधिक हो गए, लेकिन अब तक गलियों में पक्की सड़क और नाली की व्यवस्था नहीं हो सकी है। स्टेशन से पंचायती जाने वाले रास्ते में रात के समय अंधेरा रहता है। हल्की बारिश में भी मोहल्ले की सड़कें खेत की पगडंडी



जैसी हो जाती हैं।लोगों का कहना है कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के बावजूद नगर परिषद द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली तेज कर दी गई है। टैक्स वसूली का काम निजी एजेंसी से कराया जा रहा है। लोगों ने बताया कि वर्ष 2018 तक नियमित टैक्स लिया जाता था, इसके बाद वसूली बंद रही। अब कई वर्षों का टैक्स एकमुश्त मांगे जाने से परेशानी हो रही है।लोगों ने नगर परिषद से टैक्स वसूली की प्रक्रिया ऑनलाइन करने, पहले सरकारी भवनों और बड़े होटल-धर्मशालाओं से बकाया टैक्स वसूलने तथा मोहल्लों में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग की है।

## बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। सैनिक स्कूल नालंदा में स्थानीय प्रशासन बोर्ड की 26वीं बैठक का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जीओसी बिहार एवं झारखंड सब एरिया सह एलबीए अध्यक्ष मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने की। विद्यालय आगमन पर कैडेटों द्वारा जनरल ऑफिसर को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की तथा हाल में विकसित एवं उन्नत अवसंरचना का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेटों के सर्वांगीण विकास हेतु सृजित अनुकूल वातावरण और स्कूल बैंड टीम की अनुशासित प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता विद्यालय की वार्षिक पत्रिका द मौर्यन 2026 के डिजिटल संस्करण का विमोचन रहा। मौके पर जनरल ऑफिसर ने संस्थान में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु किए जा रहे समर्पित प्रयासों को सराहा।कैडेटों के साथ आयोजित सारगर्भित संवाद सत्र में मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने नेतृत्व, व्यावसायिक मूल्यों, अनुशासन, सत्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला।



## प्रसाद बिगहा में खुला सागरमल ज्वेलर्स, सोना-चांदी और डायमंड के आभूषण एक ही छत के नीचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नवादा। शहर के प्रसाद बिगहा में शुक्रवार को सागरमल ज्वेलर्स का शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान के संचालक शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि नवादा शहर और आसपास के लोगों को गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सागरमल ज्वेलर्स की शुरुआत की गई है। यहां सोने, चांदी और डायमंड से बने विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं आधुनिक डिजाइन के जेवरात उपलब्ध होंगे।






शिवहरि अग्रवाल ने कहा कि नवादा के लोगों को बेहतर डिजाइन और पसंद के आभूषण खरीदने के लिए अब दूसरे शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं होगी। सागरमल ज्वेलर्स में ग्राहकों की पसंद और जरूरत को ध्यान में रखते हुए सोने और चांदी के पारंपरिक आभूषणों के साथ-साथ डायमंड ज्वेलरी की भी विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान में ग्राहकों के भरोसे और संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य लोग एवं व्यवसायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कौशल यादव, विनय यादव, नारायण स्वामी, चंद्र मौलेश्वर सिंह, श्याम अग्रवाल, राजीव रंजन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, बंटू अग्रवाल, राजेश कुमार और सुमित अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर प्रतिष्ठान के संचालक को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रतिष्ठान में ग्राहकों और शुभचिंतकों की भीड़ देखी गई। संचालक शिवहरि अग्रवाल ने कहा कि सागरमल ज्वेलर्स का उद्देश्य नवादा के लोगों को एक ही स्थान पर आभूषणों की बेहतर वैरायटी उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से प्रतिष्ठान पर आने और उपलब्ध आभूषणों की रेंज देखने की अपील की। सागरमल ज्वेलर्स के खुलने से स्थानीय लोगों को आभूषण खरीदारी के लिए शहर से बाहर जाने की जरूरत कम होने की उम्मीद है।

# पितृपक्ष मेला श्रद्धा, सेवा, स्वच्छता और सुव्यवस्था का बनेगा आदर्श : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार न्यूजीलैंड प्रवास के दौरान वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने देश-विदेश से गयाजी पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि गयाजी केवल तीर्थस्थल नहीं, बल्कि सनातन आस्था, श्रद्धा और मोक्ष की पवित्र भूमि है। फल्गु नदी के तट पर भगवान विष्णु के चरणचिह्न, विष्णुपद मंदिर, अक्षयवट, सीताकुंड, प्रेतशिला और रामशिला सहित अनेक पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना से पिंडदान एवं तर्पण करते हैं। भारतीय संस्कृति में माता-पिता और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का विशेष स्थान है और पितृपक्ष अपनी जड़ों, परंपराओं तथा पूर्वजों को स्मरण करने का संदेश देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, बिजली, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा, आवासन, घाटों और सूचना तंत्र को सुदृढ़ किया गया है। रेलवे स्टेशन, प्रमुख वेदियों और मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गयाजी के धार्मिक और पर्यटन महत्व को ध्यान में रखते हुए सड़क, यातायात, जलापूर्ति, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। हृदय योजना के तहत ब्रह्म सरोवर, वैतरणी और सीताकुंड सहित अन्य वेदियों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास को काशी विश्वनाथ गलियारे की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में राज्य मंत्रिमंडल ने 15 सितंबर 2026 को लगभग 2,520 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दी। सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए लगभग 996 करोड़ रुपये समेत कुल 3,516.05 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। गयाजी रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का आभार जताया तथा बिहार सरकार को बधाई दी। उन्होंने प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों, कर्मियों और स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों से 'अतिथि देवो भवः' की भावना से श्रद्धालुओं का स्वागत करने और स्वच्छता-सुव्यवस्था में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर पितृपक्ष मेला-2026 को श्रद्धा, सेवा, स्वच्छता और सुव्यवस्था का आदर्श बनाएं। अंत में उन्होंने श्रद्धालुओं का पुनः स्वागत करते हुए कहा- पितरों को नमन।

## गयाजी पितृपक्ष महामेले में श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी, आवास, भोजन, पानी और परिवहन की विशेष व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** गया जिले में पितृपक्ष मेला का शानदार आयोजन 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। पितृपक्ष मेले में अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार सरकार की तरफ से खास तैयारी पूरी की जा चुकी है। पितृपक्ष मेला में आये श्रद्धालुओं के लिए 21 तरह के कोषांग का गठन किया गया है जिसमें आवासन, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, विद्युत, प्रचार-प्रसार कोषांग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परिवहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। पितृपक्ष मेले में 2500 की क्षमता वाली टेंट सिटी, 10180 की क्षमता वाले 39 सामुदायिक भवन, 7841 की क्षमता वाली 15 पुलिस आवास एवं 7817 लोगों को ठहरने के लिए 122 होटल व रेस्ट हाउस स्थापित किए गये हैं। पितृपक्ष मेले में भाग लेने वाले पंडा समूहों के लिए भी जिला प्रशासन ने 527 निजी भवनों व धर्मशालाओं की व्यवस्था की है। पितृपक्ष मेले में पिंडदानियों के लिए फल्गु नदी को ट्रैश क्लिनिंग बोट से सफाई की जा रही है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। शौच के लिए 3 फैब्रिकेटेड शौचालय, 4 डीलक्स शौचालय, 8 बॉयो शौचालय व का निर्माण किया गया है जिसके लिए तीन पालियों में सफाई के लिए सफाईकर्मियों की नियुक्ति की गयी है। गयाजी स्थित पितृपक्ष मेला में 18 स्थलों पर पनशाला, 197 चापाकल व 53 स्टैंड पोस्ट बनाए गए हैं। सभी पनशाला में पिंडदानियों के लिए आरओ के शुद्ध जल की व्यवस्था की गयी है। साथ ही 134 स्नानागार व 74 चेंजिंग रूम की सुविधाएं भी दी जा रही है। पितृपक्ष मेले में मौजूद पिंडदानियों के मनोरंजन के लिए बिहार सरकार द्वारा रबर डैम व ब्रह्मसत तालाब परिसर में लेजर लाइट व साउंड शो का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्वच्छता का खास ख्याल रखते हुए अत्याधुनिक रोबोटिक्स मशीनों से नालों की सफाई की जा रही है। 9 अवस्थित तालाबों में साफ-सफाई के लिए दो पालियों में सफाईकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पितृपक्ष मेले में पिंडदानियों के आवागमन के लिए 2.03 करोड़ की लागत से 169.747 किमी सड़क-नाला की मरम्मत की गयी है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 75 स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं जिसमें 125 डॉक्टर्स, 178 पारामेडिकल, 52 चतुर्थश्रेणी कर्मी, स्वास्थ्य जांच टीम, 53 प्रकार की दवा भी शामिल है।

# प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा बने मगध विश्वविद्यालय प्राचार्य संघ के अध्यक्ष

**नई कार्यकारिणी का गठन, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक हितों के लिए समन्वय से कार्य करने का निर्णय**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध विश्वविद्यालय प्राचार्य संघ (एमपीयूए) के चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव के बाद प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा को संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रो. वेद प्रकाश चतुर्वेदी एवं गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सीमा पटेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रो. शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को सचिव, एएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर को संयुक्त सचिव तथा डॉ. विनोद कुमार कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा विभिन्न जिलों के जिला प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा की गई। नवादा के लिए डॉ. रामचंद्र प्रसाद सिंह, जहानाबाद के लिए प्रो. दीपक कुमार जिला प्रभारी बनाया गया है। औरंगाबाद के लिए प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा तथा गया के लिए प्रो. योगेंद्र कुमार को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि वे वर्ष 2003 से स्नातकोत्तर शिक्षक संघ से जुड़े रहे हैं और पांच वर्षों तक अध्यक्ष के रूप में शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष किया है। अब प्राचार्य संघ की जिम्मेदारी मिलने के बाद विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ मिलकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए नियमों का पालन करना संघ की प्राथमिकता होगी। इसका उद्देश्य कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना है। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से प्राचार्यों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाएगी और उनके समाधान के लिए समन्वित प्रयास करेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के उतरेन गांव निवासी रामप्रवेश तिवारी की पत्नी अहिल्या देवी (60) की शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार अहिल्या देवी अपने दामाद की तबीयत खराब होने की सूचना पर दिल्ली जाने के लिए घर से निकली थीं। गांव के सामने उच्च विद्यालय के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी कोंच ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# बोधगया में धार्मिक न्यास पर्षद की बड़ी पहल

## पितृपक्ष में पिंडदानियों के लिए शुरू हुआ 15 दिवसीय अन्नदान शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/बोधगया।** पितृपक्ष के पावन अवसर पर देश भर से मोक्ष की भूमि गया जी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने एक बड़ी और सराहनीय पहल की है। बोधगया स्थित जगन्नाथ मंदिर और न्यास पर्षद के संयुक्त तत्वावधान में पिंडदानियों के लिए 15 दिनों तक चलने वाले निःशुल्क भोजनालय की शुरूआत की गई है। इस विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने किया। श्रद्धालुओं की सेवा का यह प्रकल्प अमावस्या तक अनवरत चलता रहेगा। शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रो. रणबीर नंदन ने अन्नदान के आध्यात्मिक महत्व पर गहराई से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में पांच कोष अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय होते हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने सबसे निचले लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 'अन्नमय कोष' को प्राथमिकता दी है, क्योंकि 'अन्न ही ब्रह्म है'। प्रो. नंदन ने कहा कि यहां लाखों श्रद्धालु अपने पितरों को मोक्ष दिलाने आते हैं जब तक हमारा अन्नमय कोष समृद्ध नहीं होगा, तब तक आनंदमय कोष की प्राप्ति नहीं हो सकती। अन्नमय से लेकर आनंदमय तक की यह यात्रा अन्न पर ही आधारित है। उन्होंने इस पुनीत कार्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए पर्षद के सदस्य विवेकानंद गिरि और उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया। अपने संबोधन में प्रो. नंदन ने पौराणिक कथाओं का भी जिक्र किया। भगवान विष्णु, ब्रह्मा और मधु-कैटभ दैत्यों का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि पितरों की देवी 'स्वधा' और देवताओं की देवी 'स्वाहा' की स्तुति से ही सृष्टि और ब्रह्मा जी की रक्षा हुई थी। उन्होंने कहा कि आज बोधगया और गया तीर्थ में जो लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं, वे पितरों की देवी स्वधा की प्रेरणा से ही अपने पूर्वजों को तृप्त करने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रो. रणबीर नंदन ने अन्नदान कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए कहा कि मेरी यही प्रार्थना है कि गयाजी जिला बलशाली हो, हमारा बिहार राज्य बलशाली हो और भारत माता सशक्त हों। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जो एक सफल, उन्नत भारत और देश को 'विश्व माता' बनाने का सपना है, वह साकार हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिहार-झारखंड प्रांत कार्यवाह मोहन सिंह, न्यास पर्षद के माननीय सदस्य विवेकानंद गिरि, विधायक उपेंद्र प्रसाद जी, अरुण सुमन, राहुल दत्ता, संजय सिंह, ललिता देवी, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, संतोष यादव और मन्जय सिंह सहित कई गणमान्य लोग और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अंतर्राष्ट्रीय मेला घोषित कराने हेतु चला जनजागरण अभियान : कांग्रेस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** विश्व के 119 करोड़ सनातनियों का मोक्ष स्थल गयाजी में प्रतिवर्ष 15 दिनों के लिए लगने वाला पितृपक्ष मेला को अंतर्राष्ट्रीय मेला घोषित कराने हेतु स्थानीय गांधी मैदान स्थित धरनास्थल पर जनजागरण अभियान चला कर केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग दोहराया गया। जनजागरण अभियान कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, बिहार प्रदेश कांग्रेस आई टी सेल के महासचिव मोहम्मद नवाब अली, कमलेश चंद्रवंशी, इंजीनियरिंग जुल्फिकार निषाद, प्रखंड दो के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, जिला महासचिव मोहम्मद ताज उद्दीन, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, टिंकू गिरी, दामोदर गोस्वामी, दीपू लाल भैया, अफजल खान आदि ने कहा कि विगत कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अन्तरराष्ट्रीय मेला घोषित कराने की मांग को सरकार अनसुनी करते आ रही है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत बेलसार में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अरवल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बेलसार पंचायत सरकार भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया।

**बड़ी संख्या में जांच कराने पहुंचे ग्रामीण**

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. नन्दबिहारी शर्मा की मौजूदगी में चिकित्सकीय टीम ने ग्रामीणों की जांच की। इस दौरान लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई।

**स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर**

भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सहित अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही विकसित भारत की मजबूत नींव है।

**ग्रामीणों ने की पंचायत स्तर पर शिविर की सराहना**

स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के शिविर से स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिलती है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण रहे मौजूद**

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक, कलेर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री विकास दूबे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुमार अमर ज्योति सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को शहर के शारदा नगर, शेखपुरा मोहल्ला स्थित विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वंदे मातरम के महत्व और देशभक्ति की भावना से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन की सीख दी जाती है। बच्चों को विद्यालय से मिलने वाले संस्कारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना भी है। देश के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और सेवा की भावना बच्चों में बचपन से विकसित होना जरूरी है। अतिथियों ने वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई पीढ़ी को देश के इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की जानकारी देना आवश्यक है, ताकि बच्चे अपने गौरवशाली इतिहास को समझ सकें।

# सड़क हादसे में किसान की मौत से आक्रोश, शव रख किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के खैरा-कोंच मुख्य नहर मार्ग पर अदवई बिगहा-रजौड़ा के बीच बाइक की टक्कर से घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर गया-गोह मार्ग को जाम कर दिया। मृतक लक्ष्मण यादव (55), पिता स्व. कैल यादव, ग्राम परसावां टोला रामपुर निवासी थे। बताया जाता है कि बीते दिनों वे रजौड़ा से अपने गांव लौट रहे थे, तभी तरारी निवासी छोटू कुमार ने नशे की हालत में तेज गति से टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जहां से गंभीर स्थिति में मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर किया गया। वहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर पर शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने नहर मोड़ के पास शव रखकर सड़क जाम कर दी। सूचना पर बीडीओ चंदन कुमार के निर्देश पर नाजिर जयंत कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये पारिवारिक लाभ और मुखिया दिलीप कुमार द्वारा 3 हजार रुपये कबीर अंत्येष्टि की राशि दी गई। इसके बाद जाम समाप्त हुआ।

# यूजीसी कानून के विरोध में आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर बाजार में सवर्ण एकता के तत्वावधान में यूजीसी कानून के विरोध में सैकड़ों सवर्ण युवाओं ने बाजार के एक किलोमीटर की परिधि में विरोध सह आक्रोश मार्च निकाला। तदूपरांत पंजाब नैशनल बैंक के नीचे मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गंदी राजनीति के तहत राजनैतिक लाभ के लिए समाज को तोड़ना चाह रही है। समाज में गंदे व्यक्तियों का बाढ़ प्रत्येक समाज में है। आज समाज में उन गंदे व्यक्तियों के लिए विशेष कानून बनाने की आवश्यकता है। पहले से ही कानूनों की भरमार है। अब किसी भी समाज विरोधी कानून बनाने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य वक्ता सह युवा समाजसेवी नेता रामाधार सिंह ने कहा कि सवर्णों एवं ओबीसी पर अनुसूचित जाति प्रतिषेध अधिनियम लागू होता है। बड़े-बड़े नेताओं पर क्यों नहीं। एक उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हम पार्टी के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री को भरी विधानसभा में डांट कर बैठा दिया गया था। उस वक्त क्या नीतीश कुमार द्वारा अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपराध नहीं किया गया था, जो नीतीश कुमार पर आज तक एस सी /एस टी कानून के तहत मुकदमा दर्ज नहीं हुआ? क्या यह उच्च स्तर पर अपराध नहीं है। वही नीतीश कुमार द्वारा भरी विधानसभा सभा में महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी किया गया था। उस वक्त महिला उत्पीड़न का मुकदमा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर क्यों नहीं हुआ। इसलिए कि ये लोग कानून बनाने वाले हैं। सवर्णों, ओबीसी, दलितों के बीच नया-नया कानून बना कर सरकार समाज के ताना-बाना को राजनैतिक लाभ के लिए बरबाद करने का काम बंद करे। सरकार जिस पार्टी की भी हो सरकार ने अपने लाभ के लिए समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम किया है जो अब नहीं चलेगा।

## जहानाबाद सदर अस्पताल की व्यवस्था पर भड़के स्वास्थ्य सचिव, डॉक्टरों की ड्यूटी और दवाओं पर दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को जहानाबाद सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

**रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी सुनिश्चित करने का निर्देश**

स्वास्थ्य सचिव ने सिविल सर्जन को रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिलना चाहिए। ड्यूटी में लापरवाही करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की बात भी कही। निरीक्षण की शुरुआत इमरजेंसी वार्ड से हुई। यहां सचिव की नजर बीपी जांच कर रहे कर्मियों पर पड़ी। उन्होंने कर्मियों से पूछा कि यदि किसी मरीज का बीपी अधिक आता है तो उसे कौन सी दवा दी जाती है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने मरीजों को फोन कर उनकी स्थिति की जानकारी लेने का निर्देश दिया। पीकू वार्ड में भर्ती एक मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही की शिकायत स्वास्थ्य सचिव से की। शिकायत पर उन्होंने वहां तैनात चिकित्सक को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने मरीजों का बेहतर तरीके से इलाज करने और उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1382-2026-27, कार्य का विवरण:** "निश्चिंदपुर (एनसीपी) में ओवर-रन लाइन (120 मीटर) की व्यवस्था और मौजूदा लूप लाइन के विस्तार" से संबंधित विद्युत सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.7,39,513/-, **बयाना राशि:** रु. 14,800/-, **समापन अवधि:** 15 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1386-2026-27, कार्य का विवरण:** "धपधपी (डीपीडीपी) यार्ड रिमॉडलिंग" से संबंधित विद्युत सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.18,62,191/-, **बयाना राशि:** रु. 37,300/-, **समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1388-2026-27, कार्य का विवरण:** विक्रेताओं और अन्य लोगों को नए कनेक्शन के लिए 5 वर्ष हेतु 24 घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए प्रीपेड एनर्जी मीटर 1-फेज़ (5 केडब्ल्यू लोड तक) और 3-फेज़ (>5केडब्ल्यू तक =<50 केडब्ल्यू लोड) (सिंगल-फेज़ मीटर=300 अदद और 3-फेज़ मीटर= 20 अदद) (फेज़-III)। **निविदा मूल्य:** रु.1,08,76,285/-, **बयाना राशि:** रु. 2,17,500/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि:** 22.09.2026 (प्रत्येक हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 30.09.2026 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 14.10.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-236/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच, दिनांक :**23.09.2026, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है:

**ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-09-03**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-आरएचए-ओएसएन-39-26-2 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** सियालदह मंडल के क्लस्टर-VII (क्षेत्राधिकार: हालिशहर से रानाघाट, रानाघाट से शांतिपुर, रानाघाट से गेदे, कल्याणी शिल्पांचल से कल्याणी सीमांत) स्टेशनों के स्टेशन क्षेत्र के अंदर वाणिज्यिक विज्ञापन का प्रदर्शन। **क्रम सं.: एए/2, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच -ओएसएन-71-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** सियालदह स्टेशन ज़ोन-ए (नॉर्थ और मेन कॉनकोर्स) के स्टेशन परिसर के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक स्टैटिक विज्ञापनों का प्रदर्शन। **क्रम सं.: एए/3, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच -ओएसएन-78-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** प्रफुल्या द्वार, सियालदह रेलवे स्टेशन के पिलरों और कैंटिलिवर बीमों पर निर्दिष्ट स्थानों पर स्टैटिक (स्थिर) बैकलिट विज्ञापन बोर्ड के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापनों का प्रदर्शन। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-131144-4-26-2 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर), **विवरण:** 13117/18 (कोलकाता-लालगोला धन धान्य एक्सप्रेस) की 01 रेक के कोचों के बाहरी हिस्से (पूरी बॉडी) और अंदर निर्दिष्ट जगहों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के ज़रिए विज्ञापन का प्रदर्शन । **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072204-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर), **विवरण:** सियालदह मंडल के तहत चलने वाली प्रत्येक 12 कोचों के थ्री फेज ईएमयू रेक के 05 रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना। **अनुबंध अवधि :** 03 वर्ष (प्रत्येक हेतु)। **नीलामी शुरू होने की तिथि :** दिनांक 29.09.2026 को 11.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें। SDAH-237/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# आईआईटी में बढ़ती आत्महत्याएं

आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) बॉम्बे में बी.टेक. द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या ने देश के शीर्ष संस्थानों में बढ़ रहे छात्रों की खुदकुशी के मामलों की गंभीरता को फिर से रेखांकित किया है। साहिल ने निश्चित रूप से किस कारण से आत्महत्या जैसा कदम उठाया, यह भी अभी जांच का विषय है, लेकिन इस मुद्दे पर आईआईटी जैसी संस्था का जाति के आधार पर बंट जाना और चिंता का विषय है। साहिल की खुदकुशी के बाद वहां के छात्र भड़के हुए हैं तथा साहिल के पिता ने संस्थान के एक प्रोफेसर पर उनके बेटे पर जातिवादी टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। इससे मामला और संगीन हो गया है, हालांकि पुलिस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर रही है। इस बीच आईआईटी प्रबंधन ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी प्रोफेसर सूर्यनारायण दुल्ला को डीन पद से निलंबित कर दिया है। जिसके विरोध में संस्थान के शिक्षक और कई छात्र प्रो.दुल्ला के पक्ष में लामबंद हो गए हैं। इससे स्थिति और जटिल हो गई है। गौरतलब है कि 22 साल का साहिल आईआईटी बॉम्बे के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से बी.टेक. कर रहा था। 18 सितंबर की सुबह 11 से 1 बजे के बीच उसने सेकेंड ईयर का मिड-सेमेस्टर एग्जाम दिया था। शाम 6 बजे हॉस्टल के कमरे में फांसी के फंदे पर उसका शव लटका मिला। आत्महत्या से 2 चीजें हुई थीं। आईआईटी सूत्रों के अनुसार साहिल को 18 सितंबर को परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया था। क्योंकि उसने प्रश्नपत्र की फोटो चैटजीपीटी पर अपलोड कर जवाब निकाले थे। आईआईटी के फैकल्टी और परीक्षा पर्यवेक्षक प्रो. सूर्यनारायण दुल्ला ने जैसे ही साहिल को चीटिंग करते पकड़ा, उन्होंने संस्था के नियम के मुताबिक इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि मोबाइल पकड़े जाने के बाद प्रो. दुल्ला ने उसे क्लास से बाहर निकाल दिया था। प्रोफेसर ने साहिल को एक साल के लिए सस्पेंड करवाने की भी कथित रूप से धमकी दी थी। साहिल के पिता रवींद्र वाकोडे का आरोप है कि प्रो. दुल्ला और आईआईटी डायरेक्टर प्रो.शिरीष केदारे ने उनके बेटे को जातिगत प्रताड़ना दी थी। प्रोफेसर दुल्ला के खिलाफ SC-ST एक्ट और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं के तहत FIR दर्ज हुई है। 400 से ज्यादा छात्र मामले की जांच और सिस्टम में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

वहीं सुसाइड की जांच अब क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। इस घटना के बाद आईआईटी प्रशासन ने ऐलान किया कि आगामी सीनेट बैठक में परीक्षा में सज़ा के नियमों की समीक्षा करेगा और छात्रों के लिए शिकायतों को दर्ज करने और उनकी स्थिति जानने की सुविधा वाली ज्यादा छात्र-अनुकूल शिकायत निवारण व्यवस्था बनाएगा। प्रो. केदारे ने यह भी कहा कि संस्थान प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को 'हर संभव कानूनी मदद' देगा। उधर संस्थान के छात्र अपनी 18 मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें साहिल की मौत की स्वतंत्र जांच और प्रो. दुल्ला का निलंबन शामिल है। यहां सवाल यह है कि अगर प्रो. दुल्ला ने साहिल को नकल करने से रोका तो इसमें गलत क्या है? इस कार्रवाई को जातिगत विद्वेष का स्वरूप क्यों दिया जा रहा है? दूसरे, आईआईटी में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों की गहराई से पड़ताल करने तथा उन खामियों को दूर करने की नितांत जरूरत है, क्योंकि यह हमारे देश की असाधारण प्रतिभाएं हैं। आईआईटी में प्रवेश ही मुश्किल से मिल पाता है। इसके बावजूद बीते पांच सालों में आईआईटी के 65 विद्यार्थियों ने अलग-अलग कारणों से आत्महत्याएं की है, इनमें पढ़ाई का दबाव न सह पाना और आर्थिक व जातीय आधार पर सामाजिक भेदभाव भी शामिल है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

# काम चुनाव आयोग का, निशाने पर सरकार

**राहुल गांधी के राजनीतिक अभियान का सबसे चर्चित अध्याय राफेल सौदे से जुड़ा रहा। 2018-19 में उन्होंने आरोप लगाया कि 36 राफेल विमानों की खरीद में कीमत बढ़ाई गई, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को दरकिनार किया गया और अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनी को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 526 करोड़ रुपये बनाम करीब 1600 करोड़ रुपये की कीमत का तर्क भी सार्वजनिक मंचों पर रखा। इसी अभियान से 'चौकीदार चोर है' नारा राष्ट्रीय राजनीति का हिस्सा बना। लेकिन दिसंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदे में अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि उसे खरीद प्रक्रिया, कीमत या ऑफसेट पार्टनर के चयन में हस्तक्षेप का आधार नहीं मिला।**

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के आधार पर विपक्षी दलों ने एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को घेरकर निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करके मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने की सियासी कोशिश शुरू कर दी है। अखबार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में दो चुनाव आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार आयोग के उन फैसलों और आदेशों पर आपत्ति दर्ज कराई, जो उनकी जानकारी के बिना लिए गए थे। ये आपत्तियां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़ी थीं, लेकिन आयोग की तरफ से कहा गया है कि चुनाव आयोग ने सभी फैसले बहुमत से बिना किसी विवाद के लिए हैं। आपत्ति या किसी मुद्दे पर मतभेद आम बात है। इसका फैसले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। लेकिन एक पक्ष को सही मानकर अखबार के इस खुलासे के बाद कांग्रेस, सीपीआई(एम), टीएमसी, डीएमके, आप और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दलों ने आयोग की साख पर तो सवाल उठाए ही, साथ ही कांग्रेस की ओर से अभिषेक सिंघवी ने आरोप लगाया कि सीईसी ने चुनाव आयोग की साख और निष्ठा को नष्ट कर दिया है। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने दावा किया कि अब तक एसआईआर प्रक्रिया के तहत करीब 13 करोड़ नाम मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं और इस मुद्दे को रोज सुप्रीम कोर्ट में उठाया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। विपक्ष ने आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को लेकर व्यापक जांच की मांग दोहराई है। बहरहाल, विपक्ष के तीर भले ही मुख्य चुनाव आयुक्त की तरफ ताने जा रहे हों, लेकिन निशाने पर मोदी सरकार की विश्वसनीयता को दागदार करना ज्यादा है। वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब मोदी सरकार विपक्ष और खासकर राहुल गांधी के निशाने पर आई हो, इसका काफी लम्बा सिलसिला है। नया दौर यह देखने में आ रहा है कि राहुल जो आरोप लगाते हैं,




उसको देर-सवेर विपक्ष के अन्य नेता भी धार देने लगते हैं।

इससे पूर्व भी राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने मोदी सरकार को घेरने के लिए जिन आरोपों को राजनीतिक अभियान का हिस्सा बनाया, उनकी सूची लंबी है। 2014 के बाद 'सूट-बूट की सरकार', मोदी सरकार ने देश को बेच दिया वाला नेरेटिव, उद्योगपतियों के पक्ष में नीतियां बनाए जाने का आरोप, भूमि अधिग्रहण, बेरोजगारी और नोटबंदी जैसे मुद्दे कांग्रेस के प्रमुख हमलों में रहे। नोटबंदी के समय राहुल गांधी ने इसे आर्थिक तबाही और गलत नीति बताते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा किया। राहुल गांधी के राजनीतिक अभियान का सबसे चर्चित अध्याय राफेल सौदे से जुड़ा रहा। 2018-19 में उन्होंने आरोप लगाया कि 36 राफेल विमानों की खरीद में कीमत बढ़ाई गई, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को दरकिनार किया गया और अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनी को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने 526 करोड़ रुपये बनाम करीब 1600 करोड़ रुपये की कीमत का तर्क भी सार्वजनिक मंचों पर रखा। इसी अभियान से 'चौकीदार चोर है' नारा राष्ट्रीय राजनीति का हिस्सा बना। लेकिन दिसंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदे में अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि उसे खरीद प्रक्रिया, कीमत या ऑफसेट पार्टनर के चयन में हस्तक्षेप का आधार नहीं मिला। इसके बाद बेरोजगारी का मुद्दा विपक्ष के प्रमुख हथियारों में शामिल हुआ। 2017-18 की सरकारी रिपोर्ट में 15 वर्ष और उससे ऊपर की आबादी के लिए सामान्य स्थिति में बेरोजगारी दर 6.1 प्रतिशत दर्ज हुई थी। विपक्ष ने इसे रोजगार संकट का प्रमाण बताया। बाद के सरकारी आंकड़ों में यह दर 2018-19 में 5.8 प्रतिशत और आगे और नीचे आती दिखाई दी। पेगासस विवाद में भी राहुल गांधी और विपक्ष ने सरकार पर गंभीर निगरानी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि किसने पेगासस के इस्तेमाल की अनुमति दी और किन लोगों को निशाना बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जांच के लिए समिति बनाई। अगस्त 2022 में अदालत के सामने समिति की रिपोर्ट के आधार पर कहा गया कि जांच किए गए 29 फोन में पेगासस के इस्तेमाल का कोई निर्णायक प्रमाण नहीं मिला। 2023 में राहुल गांधी के हमले का केंद्र अदाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच कथित निकटता बन गया। लोकसभा में उन्होंने अदाणी समूह की तेजी से बढ़ती कारोबारी ताकत, सरकारी फैसलों और प्रधानमंत्री के साथ कथित संबंधों पर सवाल उठाए तथा अरबों डॉलर के लेनदेन को राजनीतिक मुद्दा बनाया। संसद में उनका भाषण इस मुद्दे को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ले आया। बाद में उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म हुई तो राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि उन्हें अदाणी पर अगला भाषण देने से रोकने के लिए निशाना बनाया गया। लेकिन सदस्यता समाप्ति का औपचारिक कारण 2019 के 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले में दो साल की सजा था, न कि अदाणी पर उनके भाषण। अगस्त 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने उस सजा पर रोक लगाई और उनकी सदस्यता बहाल होने का रास्ता साफ हुआ।कांग्रेस और विपक्ष की राजनीति का एक मोर्चा चुनाव आयोग के खिलाफ भी खुला रहता है। 2025 में राहुल गांधी ने कर्नाटक के महादेवपुरा समेत विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में मतदाता सूची में कथित हेरफेर को 'वोट चोरी' कहा और एक लाख से अधिक वोटों में गड़बड़ी का दावा किया। 17 अगस्त 2025 को ज्ञानेश कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि आरोपों को हलफनामे के साथ साबित किया जाए या माफी मांगी जाए। चुनाव आयोग ने इन दावों को निराधार बताया।यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि चुनावी पारदर्शिता पर बहस सिर्फ राहुल गांधी बनाम चुनाव आयोग तक सीमित नहीं है। अप्रैल 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम और वीवीपैट की 100 प्रतिशत मिलान की मांग को खारिज करते हुए मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल को पर्याप्त माना और कहा कि उपलब्ध डेटा से धोखाधड़ी का आधार नहीं बनता। सितंबर 2026 में यही टकराव एक नए रूप में सामने आया, जब चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रहे गुटीय विवाद के बीच उसके मूल नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न को अंतरिम तौर पर फ्रीज कर दिया और दोनों पक्षों को अलग नाम व प्रतीक दिए।राहुल गांधी और विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरने के लिए राफेल से लेकर नोटबंदी, बेरोजगारी, पेगासस, अदाणी और चुनावी संस्थाओं तक लगातार नए राजनीतिक नैरेटिव बनाए। कुछ मुद्दों पर अदालतों या आधिकारिक संस्थाओं ने विपक्ष के आरोपों को निर्णायक समर्थन नहीं दिया, कुछ पर सरकार को राजनीतिक और नीतिगत सफाई देनी पड़ी, और कुछ मुद्दे जैसे रोजगार, राजनीतिक फंडिंग तथा चुनावी पारदर्शिता आज भी सार्वजनिक बहस का हिस्सा हैं। 2024 के चुनाव ने यह भी दिखाया कि विपक्ष की राजनीति को पूरी तरह अप्रभावी मानना जल्दबाजी होगी। कांग्रेस 99 और समाजवादी पार्टी 37 सीटों तक पहुंची। इसलिए वास्तविक सवाल केवल यह नहीं है कि राहुल गांधी कितने आरोप लगा रहे हैं, बल्कि यह है कि कौन-सा आरोप प्रमाण, संस्थागत जांच, नीति बहस और अंततः मतदाता के फैसले में बदल पाता है।

अध्यात्म

## जल्दबाजी अच्छे परिणामों को भी खराब कर देती है

गौतम बुद्ध के कई ऐसे प्रेरक प्रसंग हैं, जिनसे हमें सुखी जीवन की सीख मिलती है। बुद्ध की कई कथाओं में यह संदेश दिया गया है कि केवल मेहनत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही दिशा, धैर्य और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है। एक बार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे। वहां पहुंचकर उन्हें लोगों को जीवन का सही मार्ग बताना था। यात्रा के दौरान रास्ते में एक विचित्र दृश्य दिखाई दिया। जगह-जगह छोटे-छोटे गड्ढे खुदे हुए थे। कोई गड्ढा आधा फीट गहरा था, कोई दो फीट, तो कोई उससे थोड़ा अधिक। ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने पूरे क्षेत्र को खोद डाला है, लेकिन कहीं भी काम पूरा नहीं हुआ।

बुद्ध के एक शिष्य के मन में जिज्ञासा जागी। उसने विनम्रता से पूछा, 'तथागत, इन अधूरे गड्ढों का क्या रहस्य है? आखिर किसने इन्हें खोदा होगा और क्यों? '

बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'इन गड्ढों को एक ऐसे व्यक्ति ने खोदा है जो पानी की तलाश में था। उसने एक जगह खुदाई शुरू की, लेकिन थोड़ी देर बाद जब पानी नहीं मिला, तो उसने सोचा कि शायद यहां पानी नहीं है। फिर वह दूसरी जगह चला गया। वहां भी कुछ देर मेहनत की, लेकिन धैर्य खो बैठा और तीसरी जगह खुदाई करने लगा। इसी तरह उसने कई स्थानों पर गड्ढे तो खोदे, लेकिन किसी एक जगह इतनी गहराई तक नहीं पहुंचा कि पानी मिल सके। '

शिष्य ने आश्चर्य से पूछा, 'अगर वह एक ही स्थान पर लगातार मेहनत करता तो क्या उसे पानी मिल जाता? '

बुद्ध ने उत्तर दिया, 'निश्चित रूप से। धरती के भीतर पानी है, लेकिन उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास और धैर्य चाहिए था। अधूरी मेहनत और बार-बार दिशा बदलने से केवल थकान मिलती है, सफलता नहीं। '

इसके बाद बुद्ध ने अपने सभी शिष्यों से कहा, 'हमारा जीवन भी इसी प्रकार का है। जो व्यक्ति हर कठिनाई पर अपना लक्ष्य बदल देता है या जल्दी हार मान लेता है, वह सफलता से दूर रह जाता है, लेकिन जो धैर्य के साथ एक दिशा में लगातार प्रयास करता है, वह देर-सवेर अपनी मंजिल तक अवश्य पहुंचता है। ' यह छोटी-सी घटना जीवन का बड़ा संदेश देती है कि सफलता का रास्ता मेहनत, धैर्य और निरंतरता से होकर गुजरता है। जो लोग इन तीन गुणों को अपना लेते हैं, वे परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अंततः अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं।

# मरीज की मजबूरी का एमआरपी कौन लिख रहा है?

**स्वास्थ्य का अधिकार तब बेमानी है, जब इलाज मरीज की पहुंच से बाहर हो। कैंसर से लड़ते परिवार के सामने बीमारी होनी चाहिए, दवा की कीमत नहीं। रू. 2,700 (पीटीआर) की दवा रू. 27,000 की एमआरपी पर बिकना सिर्फ दस गुना कीमत नहीं, उस व्यवस्था का आईना है जो यह अंतर रोक नहीं पाई। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी मौन पर सवाल उठाया है। अब सरकार को मूल्य-नियंत्रण की खामियां दूर, नियामक को सक्रिय और दवा की पूरी मूल्य-श्रृंखला पारदर्शी करनी होगी; अस्पतालों में मरीज की दवा खरीदने की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करनी होगी। अगली सुनवाई 29 सितंबर 2026 को है। लेकिन असली सवाल आज का है–जीवन बचाने वाली दवा परिवार को आर्थिक संकट में धकेले, तो जवाबदेह कौन? अदालत का 'दिनदहाड़े की डकैती' कहना केवल टिप्पणी नहीं, पूरे स्वास्थ्य तंत्र के सामने खड़ा सवाल है।**

कैंसर के इलाज की हर अगली खुराक के साथ परिवार की एक उम्मीद जुड़ी होती है। ऐसे में जब निर्माता खुदरा विक्रेता को दवा लगभग रू. 2,700 (पीटीआर - प्राइस टू रिटेलर) में बेचता है, लेकिन उस पर एमआरपी रू. 27,000 छपी होती है, तो यह केवल कीमत बढ़ना नहीं, मजबूरी को दस गुना महंगा करना है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ–जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता–के सामने यही तथ्य आया तो अदालत ने इसे मरीजों के साथ 'दिनदहाड़े डकैती' बताया। यह टिप्पणी उस कठोर सच को सामने लाती है, जहां किसी अपने को बचाने के लिए परिवार जमीन बेचता है, गहने गिरवी रखता है और जीवनभर की बचत झोंक देता है, फिर भी दवा की कीमत के आगे असहाय रहता है। दवा का काम जीवन बचाना है, परिवार की जमा-पूंजी खत्म करना नहीं। जीवनरक्षक दवाओं की कीमत ऐसी होनी चाहिए, जहां इलाज की उम्मीद मजबूत हो और आर्थिक विवशता कमजोर।

दवा पर मुनाफा अनुचित नहीं, लेकिन जीवनरक्षक दवा की कीमत मनमानी कैसे स्वीकार्य हो? सवाल है–मुनाफे की सीमा कौन तय करेगा? एनपीपीए (राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण) के तहत अनुसूचित दवाओं के अधिकतम निर्धारित मूल्य की व्यवस्था है, लेकिन बड़ी संख्या में दवाएं गैर-अनुसूचित हैं। याचिका में लगभग 82 प्रतिशत दवाओं के इसी दायरे में होने और शुरुआती कीमत तय करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। यही नियमन की बड़ी कमजोरी है। कीमत तय करने की प्रक्रिया पारदर्शी न हो, तो एमआरपी अधिकतम खुदरा मूल्य नहीं, मरीज की मजबूरी की अधिकतम कीमत बन सकती है। सवाल सीधा है–जब दवा खुदरा विक्रेता को रू. 2,700 (पीटीआर) में मिलती है, तो रू. 27,000 की एमआरपी किस आधार पर?

कीमत तब समस्या है, जब नियम हों और निगरानी गायब। दवा मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 ने कीमतों पर नियंत्रण का ढांचा बनाया, लेकिन गैर-अनुसूचित दवाओं की मूल्य-व्यवस्था और निगरानी अब भी सवालों में है। एनपीपीए गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों पर निगाह रखता है और सामान्य परिस्थितियों में सालाना मूल्यवृद्धि की सीमा 10 प्रतिशत है। फिर भी शुरुआती कीमत और बाजार मूल्य के बीच असामान्य अंतर खत्म नहीं हुआ। सवाल है–जिस व्यवस्था का काम मरीज को कीमत की मनमानी से बचाना है, उसकी निगाह तब क्यों पड़ती है, जब दवा उसकी पहुंच से बाहर हो चुकी होती है? अदालत ने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। सवाल एक विभाग का नहीं, पूरी नियामक व्यवस्था का है–जब मरीज की जेब कट रही थी, तब निगरानी तंत्र कहां था?

मरीज अस्पताल पहुंचता है इलाज के लिए, लेकिन कई बार वहीं उसकी खरीदने की मजबूरी शुरू हो जाती है। आरोप है कि कुछ निजी अस्पताल मरीजों को अपनी इन-हाउस फार्मेसी से दवा लेने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे बाहर उपलब्ध सस्ती दवा का विकल्प लगभग खत्म हो जाता है। बीमारी में मरीज के पास न मोलभाव की ताकत होती है, न विकल्प तलाशने का समय। डॉक्टर पर भरोसा, अस्पताल पर निर्भरता और दवा की तत्काल जरूरत–तीनों उसे ऐसा खरीदार बना देते हैं, जिसके पास 'नहीं' कहने का विकल्प नहीं बचता। या तो महंगी दवा खरीदिए या इलाज के जोखिम को स्वीकार कीजिए। बाजार इसे बिक्री कह सकता है, लेकिन मरीज के लिए यह मजबूरी है। मजबूरी से कमाया हर अतिरिक्त रुपया केवल व्यापारिक लाभ नहीं, गंभीर नैतिक सवाल है।

मरीज की जेब का बोझ जब सरकारी खजाने तक पहुंचे, तो मामला केवल महंगी दवा का नहीं रहता। अस्पताल ऊंची कीमत पर दवा खरीदता है और सरकारी योजना से प्रतिपूर्ति लेता है। यानी बढ़ी कीमत सार्वजनिक धन पर भी बोझ बनती है। अदालत के सामने आयुष्मान भारत सहित सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में बढ़ी दवा कीमतों पर प्रतिपूर्ति को लेकर चिंता जताई गई, जिसे अदालत ने स्पष्ट धोखाधड़ी और टैक्सपेयर के पैसे का नुकसान बताया। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य गरीब परिवारों को इलाज के आर्थिक बोझ से बचाना है। कीमतों में पारदर्शिता कमजोर हो, तो राहत का पैसा मरीज तक पहुंचने के बजाय मूल्य-श्रृंखला में कहीं और जा सकता है। यह केवल सरकारी धन का नुकसान नहीं, कल्याणकारी व्यवस्था के भरोसे पर चोट है।

कीमत का अंतर जितना बड़ा, जवाबदेही का सवाल उतना सीधा। दवा निर्माता, वितरक, विक्रेता, अस्पताल और नियामक–हर कड़ी की भूमिका है; किसी एक को दोषी ठहराने से समस्या खत्म नहीं होगी। लेकिन रू. 2,700 (पीटीआर) की दवा जब रू. 27,000 की एमआरपी तक पहुंचती है, तो इस अंतर का पूरा हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। वास्तविक लागत कितनी है, निर्माता का लाभ कितना, वितरक कितना जोड़ता है, अस्पताल कितना बढ़ाता है और मरीज कितना चुकाता है–पूरी मूल्य-श्रृंखला पारदर्शी क्यों नहीं हो सकती? एनपीपीए के पास कीमतों की निगरानी और शिकायत की व्यवस्था है, लेकिन सवाल निगरानी के अस्तित्व का नहीं, उसकी प्रभावशीलता का है–क्या वह असामान्य कीमत को मरीज की मजबूरी बनने से पहले रोक सकती है?

स्वास्थ्य का अधिकार तब बेमानी है, जब इलाज मरीज की पहुंच से बाहर हो। कैंसर से लड़ते परिवार के सामने बीमारी होनी चाहिए, दवा की कीमत नहीं। रू. 2,700 (पीटीआर) की दवा रू. 27,000 की एमआरपी पर बिकना सिर्फ दस गुना कीमत नहीं, उस व्यवस्था का आईना है जो यह अंतर रोक नहीं पाई। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी मौन पर सवाल उठाया है। अब सरकार को मूल्य-नियंत्रण की खामियां दूर, नियामक को सक्रिय और दवा की पूरी मूल्य-श्रृंखला पारदर्शी करनी होगी; अस्पतालों में मरीज की दवा खरीदने की स्वतंत्रता भी सुनिश्चित करनी होगी।

अगली सुनवाई 29 सितंबर 2026 को है। लेकिन असली सवाल आज का है–जीवन बचाने वाली दवा परिवार को आर्थिक संकट में धकेले, तो जवाबदेह कौन? अदालत का 'दिनदहाड़े की डकैती' कहना केवल टिप्पणी नहीं, पूरे स्वास्थ्य तंत्र के सामने खड़ा सवाल है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में संघर्ष का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है।

**वृषभ**
आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में निकटता का अनुभव करेंगे।

**मिथुन**
आपको नयी जॉब के अवसर मिल सकते हैं। आज कई दिनों से रुका हुआ काम शुरू हो सकता है। व्यापार में आ रही परेशानियों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**कर्क**
अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियाँ कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**सिंह**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

**कन्या**
जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

**तुला**
पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिन्ता अवश्य रहेगी।

**वृश्चिक**
हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। आध्यात्मिक चिन्तन के लिये दिन अत्यन्त उपयुक्त है। भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लम्बी दूरी की यात्रा के लिये जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है।

**मकर**
अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे।

**कुंभ**
सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**मीन**
रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। क्रोध के कारण आपके नजदीकी सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बांध रोड में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बाढ़ जिला उप शाखा के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मेदांता अस्पताल पटना के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉक्टर अवता अभिनंदन बच्चन का अभिनंदन किया गया। वहीं दूसरी तरफ 100 से अधिक मरीजों का न्यूरो और नेत्र संबंधी बीमारी का भी उपचार किया गया। मौके पर रेडक्रॉस के अध्यक्ष विनय कुमार ने अतिथि का अभिनंदन किया। नेत्र चिकित्सक डॉ गोपाल प्रसाद सिंह, दंत चिकित्सक डॉ डीबी सिंह, खाद्यान्न व्यवसायी नवीन कुमार, पूर्व मुख्य पार्षद राजीव कुमार चुन्ना आदि मौजूद रहे।आजीवन सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



### श्रद्धापूर्वक मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती

**पालीगंज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती गुरुवार को पालीगंज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके बताए सिद्धांतों पर चलने और समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। एकात्म मानववाद और अंत्योदय से जुड़े उनके विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में राघवेंद्र कुमार शाही, राम कृष्ण शर्मा, पवन सिंह, जय सिंह, पिंटू कुमार, गोपाल सिंह, विष्णु कुमार, रविन्द्र शर्मा, दिनेश गुप्ता, शिवानंद तिवारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ जवानों ने शुक्रवार को 12 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान रोहित कुमार, पिता मुकेश साह, निवासी नया टोला वाजिदपुर, पोस्ट मिजार्पुर, वार्ड नंबर 44, थाना लाखो, जिला बेगूसराय के रूप में हुई है।आरपीएफ जवानों ने युवक को शराब के साथ पकड़ने के बाद बरामद शराब और गिरफ्तार युवक को आरपीएफ थाना मोकामा के उपनिरीक्षक जयकांत मिश्रा के माध्यम से रेल थाना हाथीदह को सुपुर्द कर दिया। रेल थाना हाथीदह में युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।हाथीदह रेल थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक किसी ट्रेन से उतरने के बाद स्टेशन पर पकड़ा गया। उसके पास से कुल 9 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। पुलिस ने पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के बाद गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया।



### मोकामा पुलिस का विशेष अभियान, तीन गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा पुलिस ने गुरुवार देर रात विशेष अभियान चलाकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, कांड संख्या 510/26 के तहत एससी/एसटी एक्ट के मामले में घोसवरी के वार्ड संख्या 8, गोसाईंगांव निवासी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया।वहीं, शराब मामले में वार्ड संख्या 4 निवासी सुबोध बिंद और वार्ड संख्या 10, शिवनार निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे। तीनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### कोचिंग संचालक की चप्पल से पिटाई, छात्रा से अश्लील हरकत का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पभेडी मोड़ के पास स्थित एक कोचिंग संस्थान में हंगामा हो गया। आरोप है कि कोचिंग के संचालक-शिक्षक ने एक छात्रा के साथ अश्लील हरकत की, जिसके बाद गुस्साए परिजनों ने उसकी चप्पलों से पिटाई कर दी। इस पूरे घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोचिंग में पढ़ने वाली एक छात्रा, जिसकी शादी तय हो चुकी है, के साथ शिक्षक द्वारा मोबाइल पर तस्वीरें मंगवाने और बदसलूकी करने का आरोप है। जब छात्रा ने इसकी शिकायत परिजनों से की तो पहले परिजनों के साथ कहासुनी हुई। इसके बाद आक्रोशित परिजन अपने परिवार और परिचितों के साथ कोचिंग पहुंचे और संचालक की जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। पिटाई खाने वाले शिक्षक का नाम अनिल कुमार बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है और न ही थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज हुई है। घटना को लेकर पभेडी मोड़ और आसपास के इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।



### दो मोबाइल टावर से एसएफपी कार्ड की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में लगे मोबाइल टावर से महंगे नेटवर्क उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कंपनी के कर्मी ने थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराई है।आवेदक संतोष कुमार, पिता स्व राजेंद्र सिंह,ग्राम-चांद वाजितपुर, थाना-शेरघाटी, जिला-गया, जो केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्हें रात 10 बजे कंपनी से फोन आया कि बीरंची मोड़ के पास स्थित साइट कोड डाउन हो गई है। जांच करने पर पाया गया कि साइट से एसएफपी कार्ड गायब है,इसके अलावा 17 सितंबर को एक अन्य साइट से भी इसी तरह का कार्ड चोरी हो गया,कंपनी स्तर पर काफी खोजबीन के बाद भी उपकरण का पता नहीं चला। जिसके बाद 23 सितंबर को धनरुआ थाने में आवेदन देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऑटो चोरी मामले मे अप्राथमिकी अभियुक्त धीरज गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में दरवाजे पर खड़ी सीएनजी ऑटो चोरी मामले में धनरूआ पुलिस ने अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी धीरज कुमार पिता मधेश्वर प्रसाद, साकिन कन्हैयाचक भगवानगंज बताया गया है। मामले को लेकर मखदुमपुर निवासी अरविंद कुमार पिता रामप्यारे सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनका बजाज सीएनजी ऑटो है, प्रतिदिन की तरह 6 नवंबर 2025 को दरवाजे पर लगा था। रात करीब 1 बजे अज्ञात चोरों ने ऑटो चोरी कर ली। सुबह उठने पर ऑटो गायब मिला तो हल्ला करने पर गांव के लोग जुटे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी क्रम में आरोपी धीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चोरी गई गाड़ी की बरामदगी और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश में जुटी है।

# अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले का उद्घाटन

## बोले- पुनपुन को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 17 दिनों तक चलने वाला अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेला शुक्रवार से शुरू हो गया। मेले का उद्घाटन विधायक अरुण मांझी, एडीएम राजस्व अशोक कुमार, एसडीएम धनराज कुमार, डीएसपी राघव दयाल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख गुडिया देवी, जदयु जिलाध्यक्ष अशोक कुमार, अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, बीडीओ उदय कुमार, शैलेश पटेल समेत कई समाजसेवी शामिल रहे। गौरतलब है की पुनपुन नदी तट पर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए हर साल जिला प्रशासन द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने पूर्वजों का पहला पिंडदान इसी पुनपुन घाट पर किया था। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अरूण मांझी ने कहा कि पुनपुन नदी की पौराणिक महत्ता है। यहां अभी और काम करने की जरूरत है। इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार की कोशिश है कि पुनपुन में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन को 10 अक्टूबर तक चलने वाले मेले में श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और आम लोगों से सहयोग की अपील की। एसडीएम धनराज कुमार ने कहा कि पिंडदानियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेले में तकरीबन 45 जगहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। हर चौक-चौराहे पर पुलिस की तैनाती है और पूरे घाट परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की मदद के लिए तीन जगह 'मे आई हेल्प यू' काउंटर बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सुबह के समय पिंडदानियों की भीड़ ज्यादा होती है, क्योंकि उन्हें पुनपुन में पिंडदान कर गयाजी जाना होता है। ऐसे में पुलिस को सुबह से ही एक्टिव मोड में रहना होगा। 17 दिनों तक पुलिस की सक्रियता दिखनी चाहिए। एडीएम अशोक कुमार ने बताया कि मेले में बिजली, पानी, यातायात, स्वास्थ्य और सुरक्षा का पूरा इंतजाम है। पिंडदानियों की सुविधा के लिए पुनपुन घाट पर 12 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। पटना से गया जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। निगरानी के लिए 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष बनाया गया है और तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। इसके सफल संचालन के लिए 10 कोषांग के नोडल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वही पिंडदानियों को ठहरने के लिए धर्मशाला में भी व्यवस्था की गई है, मुख्य सड़क मार्ग से पुनपुन पिंडदान तक आने के लिए ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की गई है कई जगह पर साईनेज भी लगाए गए हैं।

# बाढ़ विधायक ने पप्पू यादव के आरोपों का किया खंडन

## बोले- 'बेबुनियाद हैं आरोप, कुछ स्थानीय नेताओं ने सांसद को गुमराह किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मासूम बच्ची की हत्या के मामले को लेकर अब सियासत भी तेज हो गई है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के आरोपों पर बाढ़ विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने पलटवार करते हुए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। दरअसल, बाढ़ अनुमंडल के बेलछी थाना क्षेत्र के लाखाचक गांव में 10 वर्षीय बच्ची की हत्या का मामला सामने आने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध जताया था। इसी मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात करने पहुंचे सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ विधायक पर गंभीर आरोप लगाए थे। सांसद का आरोप था कि घटना के बाद विधायक पीड़ित परिवार से मिलने नहीं पहुंचे और सड़क जाम के दौरान 25 हजार रुपये का प्रलोभन देकर मामले को शांत कराने की कोशिश की गई। सांसद के इन आरोपों पर अब बाढ़ विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने सफाई दी है। विधायक ने कहा कि सांसद द्वारा कही गई बातें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने दावा किया कि वे खुद लाखाचक गांव गए थे और पीड़ित परिवार से मुलाकात भी की थी। विधायक के मुताबिक, 25 हजार रुपये देने या मामले को रफा-दफा करने जैसी कोई बात हुई ही नहीं थी। विधायक ने कहा कि वे सांसद पप्पू यादव को काफी करीब से जानते हैं और उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव अनुभवी नेता और अच्छे सांसद हैं, लेकिन कुछ छुटभैये नेताओं द्वारा उन्हें कपोल-कल्पित बातें बताकर भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। विधायक ने इस घटना को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि उन्होंने खुद मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित करने और दोषियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# एनटीपीसी बाढ़ में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत डस्टबिन वितरित



**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी बाढ़ में 21 सितंबर 2026 को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गीले एवं सूखे कचरे के पृथक संग्रह हेतु दो-खंडीय डस्टबिन का वितरण किया गया। यह पहल अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग- स्वच्छ भारत, विकसित भारत' के अनुरूप कचरे के स्रोत पर पृथक्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। यह अभियान 17 सितंबर 2026 से 2 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सी. सत्य रामा कृष्ण, कार्यकारी निदेशक, बाढ़ के साथ एचआर ऑडिट टीम के सदस्य वंदना चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पीएमआई-स्ट्रेटेजिक एचआरडी; विल्सन अब्राहम, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), क्षेत्रीय प्रमुख मानव संसाधन, पूर्वी क्षेत्र-क भूपेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक, सीओई-मानव संसाधन-ईआर, मौदा; एवं नागेंद्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), नबीनगर उपस्थित रहे। इस पहल के तहत सभी कर्मचारियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक संग्रह हेतु दो-खंडीय डस्टबिन वितरित किए जा रहे हैं, जिससे स्रोत पर कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा सके।

# मसौढ़ी में धूमधाम से मनाया गया अनंत चतुर्दशी पर्व

## विष्णु मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, 14 गांठें 14 लोक का प्रतिफल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। घरों से लेकर मंदिरों तक भगवान अनंत यानी सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई, मसौढ़ी के बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, मनीचक सूर्य मंदिर धाम समेत सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान विष्णु को अनंत सूत्र बांधकर कथा सुन रहे हैं और भगवान अनंत के जयकारे लगा रहे हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से खोई हुई संपत्ति, धन-धान्य, यश-कीर्ति वापस मिल जाती है और पूर्व जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। पंडितों के अनुसार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को यह व्रत करने से व्यक्ति को विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। कथा सुनने के बाद कच्चे सूत के 14 गांठों वाले अनंत धागे को महिलाएं बाएं हाथ में और पुरुष दाएं हाथ में बांधते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार जुए में सब कुछ हारकर वनवास गए पांडवों को भगवान श्रीकृष्ण ने इसी व्रत का उपाय बताया था। आज सुबह से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर व्रत रखा है। मणीचक स्थित श्री विष्णु मंदिर के मुख्य पुजारी अलबेला पांडे ने बताया की धर्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा-अर्चना करने से घर को समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। यही नहीं इस दिन हाथ में 14 गांठों वाला अनंत सूत्र बांधा जाता है और यह धागा 14 लोकों का प्रतीक होता है। इस धागे को हाथ की कलाई या भुजा में बांधा जाता है और इसे संपन्नता को बढ़ाने वाले सूत्र के रूप में देखा जाता है। कहा जाता है कि ये सभी अनंत' में ही स्थित हैं। इसी वजह से यह व्रत चतुर्दशी तिथि यानी कि शुक्ल पक्ष के चौदहवें दिन रखा जाता है। अनंत, विष्णु जी का ही एक स्वरूप है और इस दिन विष्णु की की पूजा का ही विधान है। अनंत धागा सबसे पहले विष्णु ही को अर्पित किया जाता है उसके बाद ही हाथ में बांधा जाता है। अनंत सूत्र मुख्य रूप से भुजाओं में बांधा जाता है और यदि कोई इसे भुजा में नहीं बांधना चाहता है, तो इसे कलाई में भी बांध सकता है।

# निर्वाचन आयोग के खिलाफ मसौढ़ी में फूंका गया मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में शुक्रवार को मसौढ़ी के तारेगना रेलवे स्टेशन पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - माकपा, मसौढ़ी लोकल कमेटी की ओर से देशव्यापी विरोध के तहत किया गया।पुतला दहन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुचिता और हर नागरिक के मताधिकार की गारंटी सबसे जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा आयोग के कार्यकाल में गरीब तबके के मतदाताओं को बड़े पैमाने पर वोट देने से रोका गया और उनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए। सभा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाने, स्क्रू प्रक्रिया पर रोक लगाने और गलत तरीके से हटाए गए सभी योग्य मतदाताओं के नाम बहाल करने की मांग की गई। वक्ताओं ने यह भी मांग की कि जिन चुनावों की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठे हैं, उनकी स्वतंत्र जांच कराकर अनियमितता पाए जाने पर उन्हें रद्द कर दोबारा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराया जाए।कार्यक्रम में माकपा बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चन्द्रवंशी, पटना जिला सचिव शिव कुमार विद्यार्थी, मसौढ़ी लोकल कमेटी के सचिव प्रो. सी.पी. मंडल, सत्येंद्र प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, रामदयाल, उमेश चंद राय, रामजी प्रसाद, रविंद्र कुमार सिंह, रामाश्रय वर्मा, भरत यादव, रामाशीष प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद थे। माकपा ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

## पितृपक्ष मेला ड्यूटी आदेश को बताया 'बेतुका'

### पुनपुन नगर पंचायत ईओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेला 2026 की ड्यूटी को लेकर व्हाट्सएप ग्रुप में अशोभनीय टिप्पणी करना नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भारी पड़ गया। अनुमंडल प्रशासन ने ईओ पुष्कर कुमार पुष्प से स्पष्टीकरण मांगा है। बता दें कि पुनपुन पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित हो रहा है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पिंडदान के लिए आते हैं। मेले में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी-02 के साथ अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय दिनांक 22.09.2026 द्वारा संयुक्तादेश जारी किया गया था। इस आदेश में बीडीओ पुनपुन, सीओ पुनपुन और नगर पंचायत ईओ पुष्कर कुमार पुष्प को वरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।

## पितृपक्ष मेला पुनपुन में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष मेला पुनपुन का शुभारंभ हो गया है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। शुक्रवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।उन्होंने मेला परिसर में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा उठाव, प्रकाश व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। पार्किंग और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और भीड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बरतने को कहा एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नदी के पास गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को अनवरत मुस्तैद रहने को कहा गया है।डीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला श्रद्धा, आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है।

## दहेज हत्या का आरोप मामले में दो गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना के शहरू गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में धनरूआ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बखोरी पासवान पिता हरखीत पासवान और धर्मेन्द्र पासवान पिता स्व. तोता पासवान, दोनों साकिन जलालपुर थाना धनरूआ शामिल हैं। मृतका के पिता देवेन्द्र पासवान पिता स्व. रामकृत पासवान, साकिन बलीपुर अकौना थाना लहसुना ने 2 अप्रैल की रात धनरूआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उनकी बेटी अंशु कुमारी की शादी वर्ष 2020 में हिन्दू रीति-रिवाज से सुधीर पासवान पिता विनोद पासवान, साकिन शहरू के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के एक साल बाद से ही सास रेणु देवी पति विनोद पासवान, संजू देवी पति बंगाली पासवान, बखोरी पासवान और धर्मेन्द्र पासवान मिलकर सोने की अंगूठी, चेन और गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट की जाती थी। पूर्व में भी पंचायती कर समझौता हुआ था। 2 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे दामाद सुधीर पासवान ने फोन कर कहा कि तुम्हारी बेटी को मार रहे हैं, आकर बचा लो। फोन पर बेटी के चीखने-चिल्लाने की आवाज आ रही थी। पिता परिवार के साथ सहरू पहुंचे तो बेटी का शव पड़ा मिला और गर्दन व शरीर पर चोट के निशान थे।

## दनियावां में जदयू संगठन में नई नियुक्ति, विकासचन्द्र उर्फ पिंकू कुमार बने प्रखण्ड उपाध्यक्ष

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दलयू दनियावां प्रखण्ड में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नई नियुक्ति की गई है। दनियावां प्रखण्ड जदयू के अध्यक्ष सह मुखिया ग्राम पंचायत राज दनियावां नवनीत कुमार विकासचन्द्र उर्फ पिंकु कुमार, ग्राम-बड़ी केवई निवासी को पटना जिला अन्तर्गत दनियावां प्रखण्ड के जनता दल यू के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। पत्र में अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा है कि आशा है कि उनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा उनके सक्रिय सहयोग से संगठन को मजबूती प्रदान होगी। नवनियुक्त उपाध्यक्ष विकासचन्द्र उर्फ पिंकु कुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।पूर्व सीएम नीतीश कुमार के विकास कार्यों को घर-घर तक ले जाना ही उनका लक्ष्य रहेगा।इस मनोनयन के लिए उन्हें मनोज पटेल,किसान प्रकोष्ठ के एक्टिव मेम्बेर्स सरथुआ के डॉ. राजीव कुमार नयन,पुष्पेश पटेल,शशिकांत दिवाकर,राजा बाबू,खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार,दिनेश कुमार,गोपाल चंद्र आजाद,राहुल कुमार जॉन,नागेन्द्र चंद्रवंशी, कर्मवीर नीरज कुमार वर्मा,रिम्पी देवी व दर्जनों अन्य जदयू कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# बाढ़ में गैस वेल्डिंग के दौरान सिलेंडर फटा, मिस्त्री झुलसा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के काजीचक में गैस वेल्डिंग के दौरान अचानक सिलेंडर में विस्फोट होने से एक वेल्डिंग मिस्त्री गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल मिस्त्री को ई-रिक्शा की मदद से बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बाढ़ बाजार निवासी विकास मिस्त्री काजीचक के पास स्थित एक दुकान में वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान गैस वेल्डिंग के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सिलेंडर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि उसकी चपेट में आने से विकास मिस्त्री बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय निवासी सुनील ने बताया कि विकास रोज की तरह दुकान पर वेल्डिंग का काम कर रहा था। काम करने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर फट गया और देखते ही देखते विकास उसकी चपेट में आ गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे संभाला और इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेजा। घायल को अस्पताल पहुंचाए जाने के बाद इमरजेंसी कक्ष के बाहर भी लोगों की भीड़ जुट गई। अचानक बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# पितृपक्ष के पहले दिन पुनपुन घाट पर उमड़े पिंडदानी, पहले पिंडदानी ने की पुनपुन पांव गोदावरी पूजा





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पितृपक्ष मेले के पहले दिन शुक्रवार को मोक्ष नगरी गयाजी जाने से पहले पिंडदानियों ने पुनपुन नदी के तट पर स्नान, तर्पण और पहला पिंडदान किया। अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले के अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं मैं नेपाल के काठमांडू, विराटनगर, हिमाचल प्रदेश, कोलकाता, राजस्थान एवं जयपुर से आये पिंडदानी ने विधि-विधान से अपने पितरों का तर्पण किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार गयाजी में पिंडदान करने से पहले पुनपुन घाट पर पिंडदान करना अनिवार्य है। कहा जाता है कि त्रेता युग में भगवान श्री राम ने माता जानकी के साथ अपने पिता राजा दशरथ का पहला श्राद्ध और तर्पण यहीं पुनपुन तट पर किया था, इसलिए इसे पिंडदान का प्रथम द्वार कहा जाता है। यहाँ पिंडदान संपन्न करने के बाद ही गया का पितृ कर्म पूरा माना जाता है। पुनपुन पांडा समिति के सुशील रिंकू पांडे ने बताया कि त्रिपाक्षिक श्राद्ध पुनपुन नदी से ही आरंभ होता है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु सबसे पहले यहाँ तिल और जल अर्पण करते हैं, फिर गया जाते हैं। किसी कारणवश यदि कोई पुनपुन नहीं आ पाता है, तो गया के गोदावरी तालाब में स्नान और पिंडदान करने से भी पुनपुन श्राद्ध जैसा ही फल मिलता है। पितृपक्ष में मुख्य रूप से 1, 3, 7 और 17 दिन के कर्मकांड का विधान है, जिसमें 17 दिन के पिंडदान को त्रिपाक्षिक पिंडदान कहा जाता है। इस वर्ष 28 सितंबर को पुनपुन श्राद्ध का मुख्य दिन है, जब हजारों श्रद्धालु पुनपुन और गोदावरी में विधि-विधान से पिंडदान करेंगे। नेपाल के विराटनगर से आये पिंडदानियों ने अजीत तोड़ी, रूपाली तोड़ी, करनाल तोड़ी, सुनीता तोड़ी समेत हरदयाल थापा, नेपाल के बैरबन गांव, आम्ही गांव और जहदा गांव से आए हुए पिंडदानियों में सोरेंग थापा, श्रीनारायण आदी ने पिंडदान किया।

# अंत्योदय को धरातल पर उतार रही मोदी सरकार

## गरीब कल्याण से विकसित भारत तक देश ने नई गति पकड़ी : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, मोतिहारी के तत्वावधान में नगर भवन, मोतिहारी में भव्य 'अंत्योदय सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, उनके विचारों एवं अंत्योदय की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, सुशासन, आधारभूत संरचना और समावेशी विकास को अपनी प्राथमिकता बनाकर अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारने का



व्यापक प्रयास किया है।श्री सिंह ने कहा कि अंत्योदय का अर्थ केवल गरीबी दूर करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सम्मान और अवसर उपलब्ध कराना है। किसान की आय और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, युवाओं के लिए कौशल एवं रोजगार के अवसर बढ़ाना तथा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना इसी व्यापक सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब गरीब के सिर पर पक्की छत, घर में नल का पानी, रसोई में स्वच्छ ईंधन और परिवार के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा होती है, तब अंत्योदय का विचार वास्तविक जीवन में दिखाई देता है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं का सबसे बड़ा प्रभाव गांव और गरीब परिवारों के जीवन में दिखाई देता है। मोदी सरकार ने विकास के साथ-साथ पारदर्शी और तकनीक आधारित शासन व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी है। डीबीटी और डिजिटल माध्यमों के विस्तार से सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत हुई है। सम्मेलन में भाजपा के मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, पूर्व विधायक गोविन्दगंज सुनील मणि तिवारी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना के साथ पार्टी पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में चाय एवं पान दुकानदारों की सहभागिता रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में सिलिकॉन प्रतिमा का अनावरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चरखा पार्क के पीछे नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सिलिकॉन प्रतिमा का अनावरण किया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन, संस्कृति और अंत्योदय के प्रबल विचारक थे। उनकी प्रतिमा का अनावरण हम सभी के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। सिलिकॉन से निर्मित यह प्रतिमा पंडित दीनदयाल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को नई पीढ़ी के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके विचारों, संघर्षों



और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का केंद्र बनेगा। यहां स्थापित उनकी प्रतिमा लोगों को सदैव राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराती रहेगी।उक्त अवसर पर प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, बिहार मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर लालबाबू प्रसाद, निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना के अतिरिक्त अन्य लोग उपस्थित थे।

## बरौनी और भुज के बीच सप्ताह में तीन बार चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू होगी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेल ने बिहार के बरौनी और गुजरात के भुज के बीच सप्ताह में तीन बार चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह नई रेल सेवा 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और बिहार, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ेगी।

**यह रेल सेवा सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी**

रेलगाड़ी संख्या 19427 भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और 04:05 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, रेलगाड़ी संख्या 19428 बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और 13:15 बजे भुज पहुंचेगी। भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी।

**प्रमुख स्टेशनों को जोड़ा जाएगा**

नई रेल सेवा के मार्ग में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर वाणिज्यिक ठहराव होगा, जिनमें समाखियाली, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर शामिल हैं। नई रेल सेवा देश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच रेल यात्रा का एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगी और बिहार, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और गुजरात के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करेगी।

## दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने सारण एसपी कार्यालय स्थित लोक शिकायत कोषांग में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर एकमा थाने में महिला के पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन के अनुसार, मुजफ्फरपुर निवासी कृष्णा प्रसाद रस्तोगी की पुत्री महिमा कुमारी की शादी 9 दिसंबर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से परसागढ़ निवासी अभिषेक कुमार रस्तोगी, पिता बिनोद कुमार रस्तोगी के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के दौरान उनके पिता की ओर से ससुराल पक्ष को करीब साढ़े सात लाख रुपये के उपहार दिए गए थे। महिमा ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये नकद और चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह का आयोजन

### भारत की धरती से उपजा विचार ही भारत को आगे ले जा सकता है : रामाशीष सिंह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ प्रचारक एवं लेखक श्री रामाशीष सिंह रहे।विषय प्रवेश कराते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को एक प्रखर चिंतक बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को दीनदयाल जी के जीवन और विचारों से सीख लेनी चाहिए। मुख्य वक्ता रामाशीष सिंह ने उस कालखंड की चर्चा की, जब एकात्म मानवदर्शन का विचार पंडित जी के माध्यम से देश के सामने आया। उन्होंने कहा कि वह द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद का समय था। विश्व के अनेक देश नई व्यवस्थाएँ गढ़ रहे थे और भारत के सामने यह प्रश्न था कि देश किस शासन व्यवस्था पर चले, पूँजीवाद पर या समाजवाद पर। ऐसे समय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अनुभव किया कि भारत जैसे पुरातन राष्ट्र को भारत की धरती से उपजा विचार ही आगे ले जा सकता है।'एकात्म' शब्द की व्याख्या करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मनुष्य स्वयं में एकात्म है। जो व्यक्ति भीतर से टूटा हुआ है, वह बिखर जाता है। जब मनुष्य भीतर से एकात्म हो जाता है,



तब वह सृष्टि की प्रत्येक वस्तु से जुड़ जाता है। जन्म के साथ ही मनुष्य का विस्तार आरंभ होता है, परंतु समाज, विश्व और परमात्मा की रचना को जाने बिना यह विस्तार पूर्ण नहीं होता। उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चारों पुरुषार्थों को सृष्टि के संचालन के लिए अनिवार्य बताया और बुद्धि को विवेकवान बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि सबके भीतर यह एकात्म दृष्टि आ जाए कि सभी अपने हैं, तो भ्रष्टाचार जैसी बुराई भी समाप्त की जा सकती है। यह भाव अध्यात्म से आता है, जो हमें संपूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसी कालजयी रचनाएँ करने का आह्वान किया, जो समाज को आगे ले जाएँ। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने समय में भारत और भारतीय संस्कृति का ध्वज ऊँचा किया और वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने पंडित जी को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रमुख राजनेता बताया, जिनके विचारों ने लंबे समय तक जनमानस को प्रभावित किया। कुलपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति ही राष्ट्र की नींव होनी चाहिए। उनके अनुसार एकात्म मानववाद हमें राष्ट्र, समाज और देश को समग्र दृष्टि से देखने की सीख देता है, और पूरे राष्ट्र की दृष्टि एक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोकनीति के केंद्र में मनुष्य होना चाहिए। 'जिस लोकनीति के केंद्र में मानव न हो, वह लोकनीति व्यर्थ है।' कुलपति ने कहा कि वेदों से प्रवाहित संस्कृति भारत की आत्मा में निवास करती है। पंडित जी आरंभ से ही भारतीय दृष्टि की बात करते थे और मानते थे कि भारत को भारत की दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपम वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन परिसर निदेशक डॉ. रंजीत चौधरी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लापता महिला का झारखंड में मिला शव, दहेज प्रताड़ना का आरोप

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के बहेरिया निरखपुर गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 26 वर्षीय महिला नीतू देवी का शव शुक्रवार को झारखंड से बरामद होने



की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी परिजनों को दी गई, जिसके बाद वे झारखंड से शव लेकर अपने गांव निरखपुर पहुंचे। महिला के अंतिम दर्शन के लिए घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बाद में परिजनों ने सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के समदा गांव स्थित पुनपुन नदी घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया। मृतका के परिजनों के अनुसार, नीतू देवी बहेरिया निरखपुर टोला निवासी गणेश यादव की पुत्री थी। उसकी शादी वर्ष 2017 में सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी झुमख यादव के पुत्र गणेश यादव के साथ हुई थी। नीतू के दो बच्चे भी हैं। मृतका की मां मालती देवी ने खिरिमोड़ थाने में दिए आवेदन में ससुराल पक्ष पर दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करने और मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया था। शिकायत के अनुसार, इसके बाद नीतू अपने मायके में रह रही थी। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले उसका पति गणेश यादव मोबाइल फोन पर नीतू से बातचीत करने लगा था। इसी दौरान करीब तीन दिन पहले नीतू ने मायकेवालों को बताया कि उसका पति उसे लेने आया है और गांव से बाहर बुला रहा है।

## दवा देना ही नहीं, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी: राज्य औषधि नियंत्रक

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर मेडिवर्सल में ज्ञान कार्यशाला आयोजित, फार्मासिस्टों ने ली पेशेवर नैतिकता और रोगी सुरक्षा की शपथ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर मेडिवर्सल हेल्थकेयर द्वारा फार्मासिस्टों के लिए एक विशेष ज्ञानवर्धक कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के राज्य औषधि नियंत्रक नित्यानंद किसलय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में फार्मासिस्टों ने कार्यक्रम में भाग लिया और औषधियों के सुरक्षित उपयोग, गुणवत्ता, नैतिक दायित्व तथा बदलते स्वास्थ्य व्यवस्था में फार्मासिस्ट की भूमिका पर चर्चा-विमर्श किया।इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस का केंद्रीय संदेश स्वास्थ्य भविष्य के निर्माण में फार्मासिस्टों की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर केंद्रित है।



फार्मासिस्टों को संबोधित करते हुए नित्यानंद किसलय ने कहा कि फामेर्सी अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण स्वास्थ्य पेशा है और इसकी भूमिका केवल दवाओं के वितरण तक सीमित नहीं है। फार्मासिस्ट मरीज तक सही दवा, सही मात्रा और सही जानकारी पहुँचाने की पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने विशेष रूप से एक जैसे दिखने अथवा एक जैसे सुनाई देने वाले नामों वाली दवाओं में होने वाली संभावित त्रुटियों के प्रति अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवा फार्मासिस्टों से आग्रह किया कि वे प्रतिदिन अपने समय का एक निश्चित हिस्सा अध्ययन, ज्ञानवृद्धि और स्वयं को अद्यतन रखने के लिए अवश्य दें। चिकित्सा विज्ञान बहुत तेजी से बदल रहा है ऐसे में फार्मासिस्टों को नई औषधियों, नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों की जानकारी निरंतर प्राप्त करते रहना होगा। मेडिवर्सल के निदेशक नवनीत रंजन ने कहा कि अस्पताल व्यवस्था में फार्मासिस्ट की भूमिका सीधे तौर पर रोगी की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने सभी फार्मासिस्टों से नियमों के पूर्ण अनुपालन, गुणवत्ता तथा नैतिक कार्यप्रणाली के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दवाओं की खरीद से लेकर उनके भंडारण, वितरण और रोगी तक सुरक्षित पहुँच सुनिश्चित करने की पूरी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर समझौते की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

## पिपरा थानाध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय पर प्रदर्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को मसोढ़ी अनुमंडल कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन हुआ। फुलवारी शरीफ के पूर्व विधायक गोपाल



रविदास के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने लाल झंडे के साथ अनुमंडल कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार शराबबंदी के नाम पर आम जनता को परेशान कर रहे हैं और बेवजह पिटाई कर रहे हैं।मामला मछली विक्रेता के साथ बर्बरता का है। पूर्व विधायक ने बताया कि 12 सितंबर की शाम गश्ती दल राजघाट, नवादा में सुरेश महतो उर्फ नरेश महतो की मछली दुकान पर पहुंचा और शराब बेचने का आरोप लगाया। दुकान की तलाशी की बात कहने पर पुलिस ने सुरेश महतो और उनकी पत्नी किरण चन्दा कुमारी उर्फ किरण देवी को गाली-गलौज करते हुए जबरन गाड़ी में बैठाकर थाना ले गई।परिजनों का आरोप है कि थाने में पहले से ही 5-6 लोगों को पकड़कर रखा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. इंद्रजीत सिंह का कृषि क्षेत्र के 100 प्रमुख व्यक्तित्वों में चयन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह का कृषि क्षेत्र में नेतृत्व एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए (वर्ष 2026) 'कृषि के भविष्य को दिशा देने वाले 100 दूरदर्शी व्यक्तित्वों एवं संस्थानों' की प्रथम सूची में शामिल किया गया है। कृषि जागरण की ओर से भेजे गए आधिकारिक पत्र के अनुसार, चयन प्रक्रिया के अंतर्गत शोध, मूल्यांकन तथा निर्णायक मंडल के विचार-विमर्श के बाद डॉ. इंद्रजीत सिंह का चयन किया गया। डॉ. इंद्रजीत सिंह को यह सम्मान 1 अक्टूबर 2026 को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. इंद्रजीत सिंह को पशु चिकित्सा क्षेत्र में नेतृत्वकारी पदों पर रहते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पशु चिकित्सा विज्ञान अकादमी, भारत द्वारा पूर्व में प्रतिष्ठित डॉ. सी. एम. सिंह उत्कृष्टता पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा स्थित छपरा सदर-2 एसडीपीओ कार्यालय का एसएसपी रौशन कुमार एवं डीआईजी निलेश कुमार ने समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यालय में संचालित पुलिसिंग कार्यों, लंबित मामलों की स्थिति तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मामलों में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई एवं अनुसंधान की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने, मामलों का त्वरित निष्पादन करने तथा क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को तत्परता से कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर एसपी सह एसडीपीओ छपरा सदर-2 प्रेमचंद सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक किरण शंकर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जनता के दरबार में 13 आवेदन प्राप्त हुए

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 13 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता लोक शिकायत श्री शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। जनता दरबार से ही अपर समाहर्ता के द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारी को प्राप्त शिकायतों के समाधान का निर्देश दिया गया। एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई कराते हुए समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में एडीएम के साथ वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म का वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल; आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म और घटना का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। किशोरी की शिकायत पर मरांची थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, किशोरी को सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदवाने के बहाने बुलाया गया था। आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे झाड़ियों की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी ने घटना का वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो के जरिए किशोरी को कथित रूप से ब्लैकमेल किया जाने लगा।किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर मरांची थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।मरांची थानाध्यक्ष के अनुसार, मरांची थाना कांड संख्या 102/26, दिनांक 24 सितंबर 2026 में बीएनएस की धारा 64(1), 351(2)(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले के प्राथमिकी अभियुक्त रविशंकर उर्फ गुरु, पिता वाल्मीकि सिंह उर्फ मक्कू सिंह, निवासी भगत टोला, मरांची थाना, जिला पटना को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बेलगाम ई-रिक्शा से पैदल राहगीर परेशान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बेलगाम ई-रिक्शा चालकों के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। ई-रिक्शा की लापरवाही से आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। शुक्रवार को दो अलग-अलग जगहों पर ई-रिक्शा की ठोकर से कई लोग जख्मी हो गए। पहली घटना ब्लॉक रोड की है, जहां पैदल जा रही दो छात्राओं में से एक छात्रा शिवानी कुमारी पिता शंकर कुमार, साकिन ओकारी को ई-रिक्शा ने ठोकर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में भर्ती कराया। दूसरी घटना कपूरी चौक के पास की है, जहां हांसाडीह विद्यापीठ जा रहे रवी कुमार पांडे को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे उनके हाथ में चोट लगी। बताया जाता है कि एक सप्ताह पहले मेन रोड में एसबीआई के पास एक पुलिस जवान भी ई-रिक्शा की ठोकर से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि मसौढ़ी में सैकड़ों ई-रिक्शा बिना लाइसेंस और बिना प्रशिक्षण के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नाबालिग चालक भी बेखौफ ई-रिक्शा चला रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसको लेकर आम लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से बेलगाम ई-रिक्शा पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में 'एक पेड़ मां के नाम' इकाई द्वारा वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने मुख्य संरक्षक के रूप में अपना सहयोग एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही ग्रामीण वासियों को पौधारोपण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों को पर्यावरण के महत्व और मानव जीवन में उसकी अनिवार्यता का बोध कराया गया।

## बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार, राहत एवं आवश्यक सेवाओं की व्यवस्था जारी

### प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल एवं पशु चारा की उपलब्धता पर जिला प्रशासन की लगातार निगरानी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, आवश्यक सामग्री के वितरण तथा आवागमन की व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राहत कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है। वर्तमान में जिले में कुल 32 पूर्ण प्रभावित पंचायत, 02 नगर निकाय, 93 पूर्ण प्रभावित गाँव तथा 12 पूर्ण प्रभावित वार्ड चिन्हित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में अब तक कुल 3,44,883 आबादी प्रभावित हुई है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं आवश्यक आवागमन के लिए वर्तमान में 06 सरकारी नावों का परिचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का





कार्य लगातार जारी है। अब तक 48,505 पॉलिथीन शीट, 1,482 फूड पैकेट, 19,684 ड्राई राशन तथा 5,000 मेडिकल किट उपलब्ध कराए/वितरित किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार राहत सामग्री की उपलब्धता एवं वितरण की लगातार समीक्षा की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में 01 स्वास्थ्य शिविर संचालित है तथा अब तक 23,019 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। जलजनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम के लिए अब तक 8,705 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग/वितरण किया गया है। साथ ही 18,481 हैलोजन टैबलेट भी वितरित किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई लगातार की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य एवं चारा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। अब तक 6,170 पशुओं का उपचार किया गया है तथा 1,16,320 किलोग्राम पशु चारा वितरित किया गया है। वर्तमान में कोई पशु शिविर संचालित नहीं है। आवश्यकता उत्पन्न होने पर संबंधित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि बाढ़ की स्थिति में सुधार के बावजूद सावधानी बरतना आवश्यक है। नागरिक नदी, जलधारा एवं कटाव वाले क्षेत्रों के समीप अनावश्यक रूप से न जाएँ तथा तटबंध, कमजोर भूमि एवं संभावित कटाव वाले स्थानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। बच्चों एवं बुजुर्गों को जलभराव एवं खतरनाक स्थानों के आसपास न जाने दें। तटबंध अथवा सड़क में दरार, धंसान या कटाव दिखाई देने पर तत्काल संबंधित पदाधिकारी को सूचना दें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से क्षतिग्रस्त सड़क, पुल-पुलिया अथवा अन्य संरचनाओं से आवागमन करते समय विशेष सावधानी बरतने, बाढ़ के पानी से प्रभावित अथवा संदिग्ध खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करने तथा पीने के लिए केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का उपयोग करने की अपील की है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी स्वास्थ्य शिविर अथवा स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने तथा स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन से संबंधित प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा राहत एवं बचाव, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल एवं आवश्यक सामग्री की उपलब्धता से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही है।

## एकमा व आसपास में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना अनंत चतुर्दशी पर्व

### विभिन्न मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं ने सुनी अनंत व्रत की कथा

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्ललास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड के विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभिन्न पूजा स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में पुजारी पंडित नागेंद्र मिश्रा ने श्रद्धालुओं को अनंत चतुर्दशी व्रत की कथा का श्रवण कराया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया और भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की आराधना कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ अनंत सूत्र धारण किया।



इसी क्रम में प्रखंड के माने गांव में भी अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उत्साह के साथ पूजा में भाग लिया। गांव के पूजा स्थलों पर दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। वहीं अन्य देवस्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पंडित-आचार्यों ने अनंत व्रत की पूजा संपन्न कराई और श्रद्धालुओं को अनंत व्रत की कथा सुनाई। आचार्य मनोज पाठक ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा करने की परंपरा है। पूजा के बाद श्रद्धालु अपनी बांह में अनंत सूत्र धारण करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार अनंत व्रत करने और अनंत डोर धारण करने से परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रहती है। पर्व को लेकर एकमा बाजार सहित आसपास के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही।

CMYK

# औरंगाबाद में राजद कार्यकर्ताओं ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक पर शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के निदेर्शानुसार भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के जिला प्रवक्ता डा. रमेश यादव ने किया। मुख्य मांगें बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को तुरंत रोकने, गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं का नाम जान-बूझकर काटने का आरोप, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए उनकी बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की गई। इस अवसर पर डा. रमेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को केंद्र सरकार ने कठपुतली बना दिया है। बिहार के लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर सांकेतिक पुतला दहन किया गया है। कार्यक्रम में राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुतला दहन के दौरान चुनाव आयोग हाय-हाय और वोट चोरी बंद करो के नारे लगे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता डा. रमेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, सरून पासवान, अजय यादव, संजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार, विकास यादव, सतेंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, अरुण यादव, मंजू यादव, चंचला कुशवाहा, पूनम यादव, बीरेंद्र मुखिया, दिनेश पाल, बिनोद ठाकुर, मुरारी सोनी, महफूज आलम, अरविंद यादव, देवेंद्र यादव, मुन्ना अजीज, राहुल यादव, कुणाल यादव, लवकुश कुमार, संतोष यादव सहित मौजूद रहे।

## बेला गांव के तालाब के जीर्णोद्धार की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के बेला गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हे। जहां आज भी ग्रामीण घाटों के लिए तरस रहे हैं। बताया जाता है कि यह तालाब पांच एकड़ में बना गैर मंजरुआ तालाब है परंतु संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि के अनदेखी के कारण आज भी सौंदर्यीकरण तो दूर घाटों का निर्माण नहीं हो सका है। एक वर्ष पूर्व तालाब को चारों तरफ से मिट्टी के ढेर से घेर दी गई है और एक तरफ से तालाब में जानें हेतु कुछ सीढ़िया भी बनाई गई है परंतु चारो तरफ से घाट का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में मिट्टी का ढेर तालाबों में गिरने लगता है। मिट्टी की दलदल होने के कारण हाल में ही सितंबर माह में पंकज विश्वकर्मा के पांच वर्षीय पुत्र संदीप कुमार की मौत तालाब में ही डूबने से हो गई थी। उड़ाही का भी कार्य हुआ परंतु सभी तरफ से घाटों का निर्माण नहीं हो सका। यह तालाब गर्मियों के दिनो में भी पानी है।

## धूमधाम से मनाई गई अनंत पूजा, श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से की भगवान विष्णु की आराधना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अनंत पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही विभिन्न



मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं और पुरुषों ने उपवास रखकर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा की तथा परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। अनंत पूजा को लेकर सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, फल-फूल, मिठाई और अनंत सूत्र की खरीदारी के लिए लोग बाजार पहुंचे। घरों में पूजा स्थल को साफ-सुथरा कर भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र स्थापित किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना, कथा श्रवण और आरती की गई। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने हाथ में अनंत सूत्र बांधा। मान्यता के अनुसार अनंत सूत्र भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप का प्रतीक माना जाता है। इसे धारण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहने की धार्मिक मान्यता है। कई स्थानों पर पुरोहितों द्वारा अनंत पूजा की कथा सुनाई गई और श्रद्धालुओं को पूजा की विधि बताई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनंत पूजा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से पूजा की तैयारी की और परिवार के सदस्यों के साथ भगवान विष्णु की आराधना की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर एवं ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। धार्मिक माहौल के बीच लोगों ने एक-दूसरे को अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं का कहना था कि अनंत पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि परिवार की सुख-शांति और आपसी प्रेम की कामना से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर भी है। पूरे जिले में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ अनंत पूजा संपन्न हुई।

## अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं ने की भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** हसपुरा औरंगाबाद प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर घरों एवं मंदिरों में भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं ने हाथों में अनंत रक्षा सूत्र बांधकर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। हसपुरा बाजार स्थित राम जानकी धर्मशाला, मुसनी देवी ठाकुरबाड़ी, प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। राम जानकी धर्मशाला में आचार्य पमपम बाबा के नेतृत्व में भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा संपन्न कराई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर अनंत सूत्र धारण किया।पंडित ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी का धार्मिक महत्व महाभारत काल से जुड़ा है। मान्यता है कि पांडवों ने वनवास के दौरान भगवान अनंत की पूजा की थी। भगवान अनंत की आराधना और अनंत सूत्र धारण करने से परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि आती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। प्रखंड के,अहियापुर इटवां, टाल, कोइलवां, कुंजा बिगहा, सोनहथु, डिंडीर सहित कई गांवों में भी श्रद्धालुओं ने घरों में भगवान अनंत की स्थापना कर पूजा-अर्चना की।

## जिला में मलेरिया की जांच बढ़ाने का निर्देश बुखार पीड़ित मरीजों की मलेरिया जांच जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला में मलेरिया की जांच को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग द्वारा सदर अस्पताल सहित सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को मलेरिया उन्मूलन संबंधित निदेर्शों की जानकारी देते हुए मलेरिया की जांच बढ़ाने संबंधी कार्य सौंपा गया है। वर्ष 2026 के जनवरी से अगस्त तक 16 हजार 475 बुखार से पीड़ित लोगों की मलेरिया जांच की गयी। इसमें नौ लोग मलेरिया से ग्रसित मिले। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2025 में बुखार के 28 हजार 699 रोगियों का मलेरिया टेस्ट किया गया। इसमें 11 लोग मलेरिया से पीड़ित पाए गए। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा. सुनील कुमार ने बताया कि बिहार को मलेरिया मुक्त राज्य बनाने के लिए वर्ष 2030 तय किया गया है। इसके लिए राज्य में मलेरिया मरीजों का सर्विलांस लक्ष्य कुल जनसंख्या के पांच से सात प्रतिशत लोगों के ब्लड टेस्ट पर निर्धारित है। इसके लिए मलेरिया के संदिग्ध मरीजों का आरडीटी किट से जांच कराना है। साथ ही आशा दिवस के दिन आशा कार्यकताओं द्वारा मलेरिया जांच की समीक्षा भी करनी है। बुखार पीड़ितों की जांच स्लाईड से भी करनी है। भारत सरकार वर्ष 2027 तक राज्य में मलेरिया मरीजों की संख्या शून्य करने लक्ष्य रखा है। मलेरिया की जांच जिला में सात प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग की ओर से प्रखंड अधिकारियों को कहा गया है कि जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिर व स्वास्थ्य उपकेंद्र पर मलेरिया जांच किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए ओपीडी के दौरान सभी बुखार पीड़ित मरीजों का मलेरिया जांच करवाया जाये। साथ ही समय समय पर मलेरिया जांच शिविर, घर—घर मलेरिया रोगी खोज अभियान व अन्य वेक्टर बॉर्न रोग कार्यक्रमों के दौरान मलेरिया जांच की जाए। मलेरिया के मरीजों का उपचार और फॉलोअप भी करें। मलेरिया का सबसे ज्यादा खतरा बरसात और उसके बाद के महीनों यानी जुलाई से अक्टूबर के बीच अधिक होता है। मलेरिया का मच्छर अहले सुबह और सूर्यास्त के समय अधिक सक्रिय रहता है। पूरी दुनिया में मच्छर से होने वाले रोगों से सबसे अधिक संख्या में मौते होती हैं। इनमें मलेरिया प्रमुख है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मादा मच्छरों के काटने से मलेरिया के पैरासाइट्स यानी परजीवी इंसान के शरीर में प्रवेश करते हैं। इस बीमारी से हर वर्ष दुनिया भर में छह लाख लोगों की मौत होती है, जिनमें अधिकतर बच्चे होते हैं।

## प्रभा एकेडमी में गूंजा वंदे मातरम सुरमयी गायन से मंत्रमुग्ध लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम/तिलौथू।** वंदे मातरम के 150वें वर्ष की वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को तिलौथू प्रखंड के विभिन्न 15 स्थानों पर एक समय में एक साथ सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्रभा एकेडमी, हुरका के ऑडिटोरियम हॉल में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। एक समय, एक लय, एक स्वर के संकल्प के साथ आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक वैभव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम ने लोगों में एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज इसकी 150वीं वर्षगांठ पर एक साथ सामूहिक गायन करना हमारी राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का अवसर है। कार्यक्रम का संचालन विकास चंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर अंजनी पांडे, रीता सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजा अंसारी, शिक्षक अंशु कुमारी, रिजवान, निलेश, वर्षा, प्राची, नीलू, खुशबू, काजल एवं प्रीतम सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## रफीगंज प्रखंड के कजपा पंचायत के एक गांव से किशोरी लापता, चाचा ने दर्ज कराई प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कजपा पंचायत के एक गांव से किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर किशोरी के चाचा ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि उनकी भतीजी 13 सितंबर को बिना किसी को बताए घर से निकल गई, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने किशोरी की तलाश अपने स्तर से भी की, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। प्राथमिकी में दो मोबाइल नंबरों का भी उल्लेख किया गया है, जिनसे किशोरी के बातचीत करने की बात कही गई है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## गणपति बप्पा की पूजा कर पूर्व विधायक ने लिया आशीर्वाद

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के श्री भास्कर नगर स्थित श्रीराम जानकी धर्मशाला में आयोजित श्री गणपति पूजा उत्सव में गुरुवार की शाम गोह के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रो. रणविजय कुमार पहुंचे। उन्होंने गणपति बप्पा की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर मंगल आरती में भाग लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद पूजा समिति की ओर से पूर्व विधायक को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रो. रणविजय कुमार ने कहा कि भगवान गणेश की पूजा सभी देवताओं में अग्रणी मानी जाती है। सभी देव स्वरूप एक ही परम तत्व के अलग-अलग रूप हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म किसी का विरोध नहीं करता, बल्कि सभी के कल्याण और समभाव का संदेश देता है। उन्होंने सृष्टि के मूल धर्म के रूप में सनातन धर्म की व्यापकता पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों, आरती-भजन मंडली तथा नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कलाकारों और समिति सदस्यों में उत्साह देखा गया। मौके पर विजय अकेला, बैजू कुमार, वीरेंद्र कुमार, संजय शौंडिक, शैलेश शर्मा, डॉ. राजेश विचारक, अनिल सोनी सहित पूजा समिति के सदस्य, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मंडल हसपुरा कार्यालय में शुक्रवार को महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 105वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ। मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता को केंद्र में रखकर विकास की भारतीय दृष्टि प्रस्तुत की।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, किया गया पौधरोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ह्यस्वच्छता ही सेवा 2026ह्न अभियान के तहत जनभागीदारी से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत चौबड़ा स्थित पंचायत सरकार भवन बड़गांव तथा ग्राम पंचायत केराप के डब्ल्यूपीयू (हढव) परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण भी किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक रामेश्वर चौधरी ने किया।




इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक संटु कुमार, नारायण कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद मूसा, वीना कुमारी, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, संजू यादव, अरविंद कुमार, मदन कुमार, रणधीर कुमार एवं धनवंती कुमारी सहित स्थानीय स्वच्छता कर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे। 03


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण




बिहार पशु प्रजनन विनियमन अधिनियम, 2025 लागू है

किनका पंजीकरण अनिवार्य है?

बिहार की पशु प्रजनन नीति के अनुरूप प्रत्येक संबंधित व्यक्ति, संस्था एवं सेवा प्रदाता ध्यान दें

| सीमेन स्टेशन | व्यावसायिक IVF-ET लैब | AI सेवा प्रदाता | AI तकनीशियन | AI प्रशिक्षण संस्थान |
|---|---|---|---|---|
| वीर्य उत्पादन केन्द्र | भ्रूण उत्पादन केन्द्र | कृत्रिम गर्भाधान सेवा | कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन | मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्र |

बिना पंजीकरण कार्य करना दंडनीय है

| अधिनियम के अनुसार निर्धारित अर्थदंड | |
|---|---|
| सीमेन स्टेशन | ₹15,00,000 |
| AI सेवा प्रदाता | ₹10,00,000 |
| व्यावसायिक IVF-ET लैब | ₹5,00,000 |
| AI प्रशिक्षण संस्थान | ₹5,00,000 |
| AI तकनीशियन | ₹15,000 तक |

प्राधिकृत दल निरीक्षण, अभिलेख जाँच, नमूना-संग्रह एवं जब्ती की कार्रवाई कर सकता है

PR No.- 012585 (Animal)D. 2026-27

आज ही पंजीकरण कराएँ
पंजीकरण प्राधिकार: परियोजना निदेशक, बिहार पशुधन विकास अभिकरण, पटना

ऑनलाइन आवेदन
apply.blda.co.in

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# मुंगेर-भागलपुर ग्रीनफील्ड फोरलेन पर आवागमन शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** विक्रमशिला गंगा सेतु के बंद होने के मद्देनजर राज्य सरकार के निर्देश पर मुंगेर से भागलपुर के लिए नवनिर्मित मुंगेर - मिर्जाचौकी राष्ट्रीय उच्च मार्ग -33 (एन एच -80) को आज से चालू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुंगेर परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मौजूदा समय में इस ग्रीनफील्ड फोरलेन सड़क (एन एच -33) के दो लेन को मुंगेर से लेकर भागलपुर तक आवागमन के लिए खोल दिया गया है। जिससे भागलपुर और मुंगेर जिलो में आम लोगों को आवागमन और पथ संपर्क की व्यवस्था सुगमता से उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के तहत शुक्रवार से मुंगेर जिले के रामनगर से बरियारपुर होते हुए भागलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग -33 के एक तरफ (साइड) के दो लेन से वाहनों का परिचालन शुरु हो गया है। जबकि कल्याणपुर टोल टैक्स सेन्टर से भागलपुर तक इस मार्ग के दोनों तरफ से (पूरे मार्ग) सभी चार लेन से वाहनों की आवाजाही होने लगी है। श्री कुमार ने बताया कि मुंगेर से मिर्जाचौकी तक करीब 98 किलोमीटर लंबी इस ग्रीनफील्ड फोरलेन (एनएच- 33) परियोजना का निर्माण कार्य कुल चार पैकेजो में चल रहा है। जिसके बाबत मुंगेर से भागलपुर तक पहले एवं दूसरे पैकेज का काम लगभग पूरा हो चुका है और आगामी दिसंबर तक इस फोरलेन को पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा। जबकि तीसरे एवं चौथे पैकेज का काम भागलपुर से कहलगांव होते हुए मिर्जाचौकी तक चल रहा है। मालूम हो कि भागलपुर एवं सीमांचल क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली 'विक्रमशिला गंगा सेतु' को पुनर्निर्माण के लिए आगामी एक अक्टूबर से बंद किया जा रहा है। जिससे प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को भागलपुर से मुंगेर के बीच आवागमन के लिए इस नये राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग का लाभ मिलेगा। खासकर, बांका और झारखंड के साहेबगंज, गोड्डा आदि जिलो के आमलोगों को भी मुंगेर के रास्ते पटना और उत्तर बिहार जाने -आने में काफी सुविधा होगी।

# आइएएस शिप्रा विजय कुमार चौधरी और आईपीएस दिप्ती मोनाली को जमुई कांड में इंसाफ दिलाने के लिए दी गई बड़ी जिम्मेवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमुई।** जमुई जिले में मड़वा पहाड़ी के समीप सुनसान सड़क पर एक स्कूली छात्रा के साथ हुई बदसलूकी के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने और कानूनी प्रक्रिया को गति देने के लिए डीएम श्री नवीन ने दो मातृशक्ति पदस्थों को बड़ी जिम्मेवारी दी है। इसमें उप विकास आयुक्त (डीडीसी) आईएएस शिप्रा विजय कुमार चौधरी और अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आईपीएस दिप्ती मोनाली का नाम शामिल है। प्रशासन अदालत के साथ बेहतर समन्वय बनाकर अति शीघ्र दोषियों को सजा दिलाने की तैयारी कर रहा है ताकि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमुई प्रशासन ने दो सबसे योग्य आधी आबादी के ओहदेदारों के कंधों पर अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंपी है। आईएएस शिप्रा विजय कुमार चौधरी वर्तमान में जमुई जिले में डीडीसी के पद पर विराजमान हैं। इन्हें नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं आईपीएस दिप्ती मोनाली जमुई एसडीपीओ के रूप में तैनात हैं। साथ ही इस पूरे मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) का नेतृत्व भी कर रही हैं। एसपी विश्वजीत दयाल ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के बाद आरोपी नंदन यादव को पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा आरोपी हरे राम यादव भागने के दौरान गिरकर घायल हो गया। मुख्य आरोपी नंदन का पिता हत्याकांड में फरार आरोपी था, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। डीएम श्री नवीन ने कहा कि पीड़िता जमुई की बेटी है और सभी को उसकी मानसिक स्थिति का ध्यान रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर मनगढ़ंत कहानियों, फर्जी तथा एआई जनरेटेड वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। एसपी के अनुसार गलत पोस्ट शेयर करने के मामले में सैकड़ों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और 03 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## श्रद्धालुओं ने सुनीं अनंत चतुर्दशी की कथा

**जगदीशपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र सहित नगर क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने अनन्त चतुर्दशी की कथा सुनी और भगवान अनंत अर्थात भगवान विष्णु के अनंत रूपों की और क्षीर समुद्र की पूजा अर्चना की। ऐसी मान्यता है कि अनंत चतुर्दशी का पर्व मुख्य रूप से जगत के पालनहार भगवान विष्णु के अनंत एवं असीमित स्वरूप की पूजा एवं व्रत के लिए मनाया जाता है। यह त्यौहार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूपों की पूजा की जाती है।

# ज्वलंत मुद्दों को लेकर डीइओ से मिला प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन का शिष्टमंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** प्राइवेट स्कूल वेलफ़ेयर एसोसिएशन का शिष्टमंडल आज एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश रंजन के नेतृत्व में जिला शिक्षा पदाधिकारी,और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, भोजपुर से मिला। शिष्टमंडल में सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार, प्रशासनिक प्रबंधक शशिकला राय, समन्वयक अनंत कुमार सिंह, मुख्य सचेतक निरज कुमार सिंह, आरा प्रखंड सचिव ऋषिकेश ओझा, संयोजक अशोक कुमार सिंह, बिहिया प्रखंड अध्यक्ष नील कमल सिंह, डा० आदित्य तिवारी एवं जगदीशपुर प्रखंड संयोजक नागेंद्र कुमार उपस्थित रहें। एसोशिएसन के शिष्टमंडल ने निजी विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले यूडायस कोड, एवं प्रस्वीकृति कोड के सत्यापन हेतु प्रखंड कार्यालय और जिला कार्यालय से निजी विद्यालयों के निदेशक/प्राचार्यो को परेशान करने की शिकायत पर नराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी,एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, (सर्व शिक्षा अभियान) भोजपुर को मांग पत्र सौंपा। सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार ने प्रखंड पदाधिकारियों द्वारा सत्यापन के बावजूद जिला कार्यालय के संभाग द्वारा अनावश्यक रूप से फोन कर बुलाने एवं परेशान करने की शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी से की। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिए, साथ ही उन्होंने शिष्टमंडल से सभी निजी विद्यालय के संचालकों को किसी भी काम के लिए किसी को भी पैसे के लेन-देन न करने की सलाह देने की अपील की। उन्होंने एसोसिएशन के शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि यदि किसी भी विद्यालय संचालक को किसी प्रकार से परेशान करने की शिकायत मिले, या कोई परेशानी हो ,तो एसोसिएशन एवं विद्यालय संचालक इसकी शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय में जरुर करें।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की मनी 110वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय स्वदेशी जागरण मंच की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच की जिला इकाई के कार्यालय में आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता जिला संयोजक रंजीत राय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी स्वदेशी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। जिला संयोजक रंजीत राय ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन त्याग, सेवा, संगठन और राष्ट्र समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। उनका एकात्म मानववाद मनुष्य के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास की बात करता है। वहीं अंत्योदय की भावना हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और अवसर पहुँचाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना दीनदयाल जी के विचारों को व्यवहार में उतारने का महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है। जिला सह संयोजक डॉ. शुभंकर सिंह ने कहा कि दीनदयाल जी का चिंतन केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का विचार प्रस्तुत किया। उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विभाग संयोजक निर्दोष मिश्रा ने कहा कि दीनदयाल जी का जीवन हमें संगठन के प्रति निष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मजबूत राष्ट्र का निर्माण मजबूत समाज और जागरूक नागरिकों के माध्यम से ही संभव है। मीडिया प्रमुख इंदु भूषण झा ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं के उपयोग का विषय नहीं, बल्कि यह अपने देश की प्रतिभा, श्रम, उद्यम और संसाधनों पर विश्वास करने की भावना है। उन्होंने दीनदयाल जी के स्वदेशी चिंतन को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. कृष्ण बिहारी ने अपने संबोधन में एकात्म मानववाद के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास का उद्देश्य केवल भौतिक समृद्धि नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज का संतुलित एवं समग्र विकास होना चाहिए। डॉ. दीपक झा ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार आज भी सामाजिक एवं आर्थिक चिंतन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चर्चा का विषय हैं। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन और विचारों का अध्ययन करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला सह संयोजक डॉ. शुभंकर सिंह, विभाग संयोजक निर्दोष मिश्रा थे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन

**जगदीशपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नमामि भारतम अभियान के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवजी पाठक ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करने तथा भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं,शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं उपस्थित अतिथियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य शिवजी पाठक ने कहा कि वंदे मातरम भारत का प्राचीनतम राष्ट्रगीत है और देशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# बखरी विधानसभा प्रभारी बनने के बाद सक्रिय हुए अनिल वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बखरी (बेगूसराय)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बखरी विधानसभा प्रभारी अनिल वर्मा इन दिनों विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। प्रभारी बनाए जाने के बाद वे क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर लोगों से संवाद कर रहे हैं और उनके सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बखरी विधायक सह गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के निर्देश पर वे विधानसभा क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ आम लोगों से सीधा संवाद बनाए रखना जरूरी है। क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में कदम से कदम मिलाकर चलना ही उनकी प्राथमिकता है।

## खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने थोक विक्रेताओं के खिलाफ खोला मोर्चा

**बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी प्रखंड के खुदरा उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघ ने थोक विक्रेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सरकारी निर्धारित दर पर एफओआर प्रणाली के तहत उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है। विक्रेताओं ने स्पष्ट किया कि मांग पूरी नहीं होने पर वे उर्वरक का उठाव नहीं करेंगे।महेश पोद्दार की अध्यक्षता में हुई बैठक में खुदरा विक्रेताओं ने कहा कि उन्हें निर्धारित सरकारी दर पर कभी उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया जाता, जबकि किसानों को सरकारी दर पर खाद बेचने का दबाव बनाया जाता है। विक्रेताओं का कहना है कि ऊंची दर पर खाद मिलने के कारण सरकारी दर पर बिक्री करने में उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इसके बावजूद अधिकारियों और किसानों के आक्रोश का सामना खुदरा विक्रेताओं को करना पड़ता है। बैठक में सीताराम पोद्दार, भूषण महतो, संजय महतो, संतोष साह, मुकेश चौधरी, धीरज कुमार, मिंटू पोद्दार, गजेंद्र प्रसाद, संजीत कुमार, विपिन साह, दीपक कुमार, रंजीत साह, नूर आलम सहित अन्य विक्रेता मौजूद थे।

# जनता दरबार में 35 से अधिक आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 35 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार आज मिशन शक्ति योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जिला स्तरीय संचालन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। विशेष रूप से बेटी जन्मोत्सव एवं कन्या रत्न समारोह के आयोजन एवं उससे संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में नियोजन संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। नियोजन से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा रिक्त पदों पर यथाशीघ्र बहाली की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, भोजपुर अरुण प्रकाश, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला नियोजन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मालदा मंडल ने विशेष टिकट जांच अभियान



**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा साहिबगंज- भागलपुर- मंदारहिल रेलखंड पर आम यात्रियों की सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने और राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। मालदा मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह ने आज यहां बताया कि मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और उनके नेतृत्व में इस रेलखंड पर शुक्रवार को वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट जांच निरीक्षकों ने रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में टिकट जांच कर कुल 220 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी बेटिकट यात्रियों से जुर्माने के रुप में कुल 1 लाख,77 हजार 375 रुपए राशि की वसूली की गई है। यह टिकट जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। ताकि अगले महीने आरंभ होने वाले पर्व- त्यौहार के अवसर पर बढ़ती भीड़ के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो और बेटिकट यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में कमी आये।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

## बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव

भारत में वर्षा ऋतु का समय सामान्यतः 15 जून से 15 सितम्बर तक का होता है। इसी मौसम के दौरान परजीवियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु के दौरान अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख नीचे किया गया है जिसका पालन कर पशुपालक अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकते हैं–

- बारिश के पहले पशुशाला की छत की मरम्मत कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से अपने पशुओं को बचाने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- इस मौसम में साफ–सफाई का खास ख्याल रखें एवं पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें ताकि मच्छर न पैदा हों और परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- पशुशाला में पशु के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन हो। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया कम हो सके।
- बाड़े में और उसके आस–पास कचरा और गंदगी इकट्ठा न होने दें और उसके निकास की उचित व्यवस्था करें। साथ हीं बाड़े एवं उसके आस–पास नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- जानवरों को ज्यादा शारीरिक थकावट न होने दें और बार–बार धूप में न लाएँ।
- बारिश के मौसम में पशुओं को बाहर चरने के लिये नहीं भेजें क्योंकि बारिश के मौसम में गीली घास पर कई तरह के कीड़े होते हैं जो पशुओं के पेट में चले जाते हैं और शरीर को नुकसान पहुँचाते हैं।
- पशु को खेतों के समीप गढ्ढे या तालाब का पानी पिलाने से परहेज करें क्योंकि इस दौरान किसान खेतों में खर–पतवार एवं कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करते हैं जो कि रिसकर इनमें आ जाता है।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- दाने का भण्डारण नमी रहित जगह पर करें और ध्यान दें कि इस मौसम में दाने का भण्डारण 15 दिन से अधिक न हो।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरुद्ध टीकाकरण करवा दें।

PR No.- 012630 (Animal)D. 2026-27



पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

# डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

## 88 प्रतिशत आधार सीडिंग और 90 प्रतिशत सरकारी भूमि सत्यापन पूरा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में कारगिल विजय सभा भवन में राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, आधार सीडिंग, ई-मापी, सरकारी भूमि सत्यापन, एलपीसी, लोक शिकायत और राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में ऑनलाइन आधार सीडिंग 88.21 प्रतिशत, ई-मापी में 82.96 प्रतिशत वादों का निष्पादन और ऑनलाइन प्लॉटवार सरकारी भूमि सत्यापन में 90.24 प्रतिशत प्रगति हुई है। कुल 10,93,444 सर्वे पूरे किए जा चुके हैं। एलपीसी के 67,768 आवेदनों में से 55,921 स्वीकृत किए गए हैं। सहयोग शिविरों में 9,261 में से 8,986 मामलों का समाधान हुआ है। अभियान बसेरा-2 के तहत 20 नवंबर को भूमिहीनों के बीच पर्चा वितरण की तैयारी की समीक्षा की गई। 23 सितंबर तक 400 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि विभागीय लक्ष्य 870 और जिला लक्ष्य 1,085 है। डीएम ने लक्ष्य प्राप्ति और लंबित जमाबंदी सुधार मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

## दुर्गा पूजा समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को नगर दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष रामरतन कुमार के नेतृत्व में 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी रिची पांडेय से मिलकर व्यवस्था सुचारू करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। महासमिति ने शहर के 50 पूजा पंडालों, विसर्जन, सफाई, बिजली और यातायात से जुड़ी 15 मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शहर में 25 समितियां मिलकर महासमिति के रूप में पूजन और विसर्जन एक साथ करती हैं। बड़ी पोखर में पानी नहीं है, गाद और कचरा भरा है, 22 अक्टूबर विसर्जन से पहले पानी भरने की व्यवस्था की जाए। एनएच 31 पर जेल के पास एकमात्र बलिदानी दुर्गा स्थान है, जहां 18 से 22 अक्टूबर तक गाड़ियों का परिचालन बंद कर जेल गेट तीन मुहानी से फलमंडी तीन मुहानी तक ओवरब्रिज से डायवर्ट किया जाए। अन्य मांगों में 11 से 22 अक्टूबर तक नई सिक्स लेन पुल की लाइट जलाना, पूरे शहर में विशेष सफाई, पूजा स्थलों पर चूना-ब्लीचिंग छिड़काव, टूटे नाले और सड़क की मरम्मत, श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी शौचालय, बड़ी और नौलखा पोखर की सफाई, विसर्जन स्थल पर प्रकाश, जेनरेटर, एसडीआरएफ टीम और नाव की व्यवस्था, जर्जर बिजली तार बदलना, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, गांधी स्टेडियम में 6 अग्निशमन गाड़ियों की तैनाती और अधिकारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने की मांग शामिल है। डीएम ने सभी विभागों के साथ संयुक्त बैठक कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर, महासचिव आलोक कुमार मुन्ना, सचिव कुंदन कुमार, संयोजक पुनिल कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी कन्हैया कुमार झा, संरक्षक दिलीप सिन्हा और गुड्डू वर्मा शामिल थे।

# डीएम के जनता दरबार में कई मामलों का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जनता के दरबार आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने परिवादी की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्य के साथ सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन किये। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से 30 से अधिक परिवादी उपस्थित हुए जिनमें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शामिल है। जिलाधिकारी ने कई मामलों का तत्काल समाधान किया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथाशीघ्र जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता के दरबार में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर स्वयं दूरभाष पर कई अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान करना है। आज के जनता दरबार में राजस्व विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित पारिवारिक उपस्थित हुए थे। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़ी शिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता बरतें तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर निष्पक्ष जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए,जिससे जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। जनता दरबार में राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, नगर निगम, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, पीएचईडी विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर परिवादी उपस्थित थे।

## एनएसएस दिवस पर स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन, रमजानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार, कार्यक्रम प्रभारी प्रो. परवेज यूसुफ, टीम लीडर सचिन कुमार और प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से किया।कलाकारों ने मनोज कुमार के निर्देशन में मनोरंजक तरीके से स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को शपथ दिलाई।

# बरौनी रिफाइनरी ने किया डिजास्टर मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी ने पीएनजीआरबी मानकों के तहत 22 सितंबर को के2 (2026-27) ऑनसाइट डिजास्टर मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित की। यह तिमाही अभ्यास आपातकालीन तैयारी, रिस्पॉन्स टाइम और विभागों के बीच तालमेल परखने के लिए था। ड्रिल एनएचटी सीसीआरयू यूनिट में फीड सर्ज ड्रम 902-वी-01 के बाद 8 इंच आउटलेट लाइन पर फ्लैंज लीक से नेफ्था रिसाव और जेट फायर की काल्पनिक स्थिति पर आधारित थी। दोपहर 3:30 बजे गैस डिटेक्टर ने अलार्म बजाया। फील्ड ऑपरेटर ने भारी रिसाव की सूचना दी। 3:35 बजे एमसीपी-07 एक्टिवेट कर फायर टेंडर तैनात किए गए और ईआरडीएमपी लागू किया गया। एनटीपीसी बरौनी और एचयूआरएल बरौनी की फायर टेंडरों ने भी सहयोग किया। शाम 4:43 बजे स्थिति नियंत्रण में लेकर ऑल-क्लियर सायरन बजाया गया। ड्रिल ओवरऑल डिजास्टर कोऑर्डिनेटर सत्य प्रकाश की देखरेख संजय रायजादा के नेतृत्व में हुई। इसमें चीफ इंसिडेंट कंट्रोलर सुब्रत कुमार सरकार, वेलफ़ेयर एवं मीडिया कोऑर्डिनेटर भास्कर हजारिका, महाप्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता अन्य उपस्थित थे।

# तीन दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## शुक्रवार से जारी बारिश से लोग परेशान, सड़कों पर जलजमाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। विगत बुधवार से शुरू हुआ बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। लगातार हो रही बारिश के कारण लोग घरों में दुबके रहने को विवश हैं। बारिश के चलते जगह-जगह सड़कों पर जलजमाव हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। लगातार घर में रहने से लोगों में उबाऊपन भी महसूस हो रहा है। मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग भी घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। बारिश का सबसे अधिक असर दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों पर पड़ा है। काम बंद होने से उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। वहीं स्कूली बच्चों को भी परेशानी हो रही है। कीचड़ और जलजमाव के कारण बच्चे समय पर विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे विद्यालयों में उपस्थिति नगण्य देखी जा रही है। बारिश के कारण बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है। बिजली की आंख-मिचौली से लोगों का बिजली आधारित दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। कई घरों में बिजली खराब पड़ी है, लेकिन बारिश के कारण मिस्त्री समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। पशुपालकों के लिए भी यह बारिश मुसीबत बनी हुई है। पशुओं के लिए हरा चारा लाने, गोबर-करसी करने और उनकी देखभाल में काफी दिक्कतें आ रही हैं। जगह की कमी के कारण कई किसानों के पशु कीचड़ में ही खड़े रहने को विवश हैं, किसान किसी तरह उसी कीचड़ में उन्हें चारा दे रहे हैं।कुल मिलाकर लगातार हो रही इस बारिश ने बाजार से लेकर खेत-खलिहान तक हर क्षेत्र में जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है।

# नावकोठी में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी (बेगूसराय)।** पंचायत नावकोठी में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास एवं जीविका संगठन के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को किया। कार्यक्रम से पूर्व केंद्रीय मंत्री ने द्वारिका पैलेस होटल में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित योग सह ध्यान शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं गन्ना मंत्री संजय पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा,जिप सदस्य घनश्याम राय, एसडीओ बखरी सन्नी कुमार सौरव, डीएसपी कुंदन कुमार, बीडीओ राहुल रंजन,बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष मो फिरदौस, स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ स्कूली बच्चों ने साइकिल चलाकर स्वच्छता ही सेवा के लिए जागरूकता अभियान चलाया। एपीएस प्लस टू स्कूल नावकोठी में हेडमास्टर गणेश झा, एवं मंत्री द्वय ने पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एपीएस खेल मैदान में आयोजित शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की।डीपीएम अविनाश कुमार बीपीएम मनोरंजन कुमार मनरेगा के पीओ श्रीकांत सहित लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार,सुभाकर मिश्र, जय जय राम महतो, नीतीश कुमार जायसवाल, आदि मौजूद थे।

# सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना भाजपा की कार्यसंस्कृति : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने आज राजकीय मूक-बधिर मध्य विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें कॉपी एवं कलम भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की अपनी यात्रा के दौरान सेवा को जनकल्याण का माध्यम बनाया है। उनका संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने, उसे सम्मान देने और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प से प्रेरित रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के प्रत्येक वर्ग के लिए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण और उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके सामर्थ्य को अवसर प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'सेवा मेरा योगदान' जैसे कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को समझने और उसे व्यवहार में उतारने का माध्यम हैं। दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद करना और उनके चेहरे पर मुस्कान देखना सेवा के इसी भाव को आगे बढ़ाने का सुखद अवसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार को अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा मानकर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच निरंतर कार्य करता है। श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बिहार में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्यों को गति दी जा रही है। इसका उद्देश्य जनसेवा को और व्यापक बनाना तथा समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा, कार्यक्रम संयोजक एम.के. शुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, सोनी पूर्वे, रमेश झा, श्रवण कुमार महतो,मनोझ झा, राजेश यादव, संगीत गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी के महान विचारक, प्रखर राष्ट्रवादी, कुशल संगठनकर्ता एवं अंत्योदय के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आज दरभंगा नगर उत्तरी मंडल के बूथ संख्या 178 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को स्मरण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन, अंत्योदय, राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति समर्पण को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका अंत्योदय का विचार आज भी समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके अंत्योदय के विचार को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बताया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बूथ स्तर पर जयंती कार्यक्रम आयोजित करना संगठन की जमीनी सक्रियता और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को रेखांकित करता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए मार्ग पर चलने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं सहयोग की भावना पहुंचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं सहयोग की भावना पहुंचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद दिलीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, सोनी पूर्वे, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला प्रवक्ता लक्ष्मण कास्यंकार, रंजू मिश्रा, संगीत गुप्ता पस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–खुली निविदा सूचना सं.–एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/26–27/36 दिनांक : 23.09.2026.
मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते है। ई–निविदा की अंतिम तिथि 21.10.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट– www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।
1. ई–निविदा सं. : एस&टी/सोन./ई–खुली निविदा/26–27/36. 2. कार्य का नाम (मद सं. सहित) : सोनपुर मंडल के 13 स्थानों पर एचएएसएसडीएसी (HASSDAC) का प्रावधान। 3. अनुमानित लागत (रू. में) : ₹1,87,77,628.18, 4. बयाने की राशि (रू. में) : ₹3,75,600.00, 5. निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में) : ₹0.00, 6. समापन अवधि : एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक।
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 23.09.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनीयर/
पूमरे/सोनपुर
पीआर/1012/एसईई/सि./टी/26–27/40


# सिंडिकेट की बैठक में लिए गए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड में सिंडिकेट की महत्वपूर्ण बैठक कुलपति के आवासीय कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें ऑफलाइन मोड में प्रो हरि नारायण सिंह, डॉ बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू', प्रो धनेश्वर प्रसाद सिंह, मीना झा, प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो विजय कुमार यादव, डॉ गजेन्द्र प्रसाद, प्रो दिलीप कुमार चौधरी, जबकि ऑनलाइन मोड में डॉ शिखर वासिनी एवं डॉ अमर कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक हेतु निर्धारित गणपूर्ति की जानकारी के बाद अध्यक्ष की अनुमति से प्रभारी कुलसचिव सह सिंडिकेट सदस्य प्रो अशोक कुमार मेहता के संचालन में बैठक प्रारंभ हुई। सर्वसम्मति से गत 30 अगस्त को संपन्न सिंडिकेट की बैठक की कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई। वहीं गत 22 सितंबर को संपन्न विद्वत परिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन किया गया तथा गत 23 सितंबर को आयोजित वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त की भी संपुष्टि की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी 34 संबद्ध कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नामित विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों से संबंधित निर्गत अधिसूचना को घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। अतिरिक्त मद में प्रो हरि नारायण सिंह की मांग पर निर्णय लिया गया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना की अनुशंसा पर नियुक्त कुछ शिक्षकों के रुके हुए वेतन भी जांच पूर्ण होने तक नियमित रूप से दिया जाए। डॉ बैजनाथ चौधरी 'बैजू' की मांग पर कुलपति ने बताया कि दुर्गा पूजा के पहले प्रोन्नति किए जाने वाले सभी शिक्षकों की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय/अंगीभूत महाविद्यालय परिसर में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा परीक्षा भवन/बज्रगृह के निर्माण की मांग पर भी बैठक में सहमति प्रदान की गई।

# पोषण माह कैंप में योजनाओं को लेकर किया जागरूक

## हसनपुर बागर में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 62 पर आयोजित हुआ कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 62, वार्ड संख्या छह में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोषण माह कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों को पोषण और सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई। कैंप का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत नए लाभुकों का पंजीकरण, प्रथम बच्चे के लिए द्वितीय किस्त से संबंधित प्रक्रिया, लाभुकों का पंजीकरण तथा लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करना रहा। इसके साथ ही शिकायतों के निपटारे और आवेदन संबंधी समस्याओं के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान महिलाओं एवं अभिभावकों को योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दस्तावेजों की जानकारी दी गई। कर्मियों ने बताया कि पोषण माह के दौरान अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र महिला सरकारी सहायता से वंचित न रहे।

बताया गया कि पोषण माह कैंप का आयोजन 16 सितंबर से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कैंप में एलएस शालिनी कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका रोजी खातून एवं सहायिका सहित पोषक क्षेत्र तथा अल्पसंख्यक मुस्लिम टोला के बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नावकोठी में शुक्रवार को एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) की टीम एवं पीएचसी नावकोठी की स्वास्थ्य टीम ने विद्यालय में आवासीय छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। स्वास्थ्य जांच के दौरान चिकित्सकों ने छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति, वजन सहित आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की जांच की। टीम ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। जांच के दौरान जिन छात्राओं को आवश्यकता महसूस हुई, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।पीएचसी नावकोठी की टीम में चिकित्सक डॉ. सुमंत कुमार, डॉ. अमित एवं रिंकू कुमारी सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। चिकित्सकों ने कहा कि किशोरियों में एनीमिया की समय पर पहचान और उपचार बेहद जरूरी है। नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन युक्त आहार एवं चिकित्सकीय सलाह का पालन कर एनीमिया से बचाव किया जा सकता है।शिविर के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का 27 तक होगा निबंधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता खेल भवन-सह-व्यायामशाला, गांधी स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, कल्याण केंद्र बरौनी और बीपी +2 विद्यालय में होगी।जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में कारगिल विजय सभा भवन में आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि इसमें कक्षा 6 से 12 तक के सरकारी और निजी, एउट्टक, ऋएट्टक मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र भाग लेंगे। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, क्रिकेट, कुश्ती सहित 22 खेल होंगे।प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि तीन प्रतियों में विद्यालय प्रधान के अग्रसारण पत्र के साथ 27 सितंबर तक जिला खेल कार्यालय में जमा करना होगा। निबंधन पूर्णतः निःशुल्क है। नॉकआउट पद्धति से होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विधा में कम से कम पांच विद्यालयों की भागीदारी अनिवार्य है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 45 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा सं.–53–डीडीयू–म.इंजी.–मुख्यालय–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : वैगन केयर सेंटर/डीडीयू में जैसे डी.वी. लैब, एसएबी रूम, बॉक्सन स्टोर, बॉक्सन स्टोर के मुख्य द्वार के समीप, जनरल स्टोर एवं बी.डी. अनुभाग में फर्श (फ्लोरिंग) का कार्य। कार्य का अनुमानित लागत : ₹26750491.03, धरोहर राशि : ₹535000.00
2. निविदा सं.–54–डीडीयू–म.इंजी.–मुख्यालय–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 के साथ पाथ–वे का प्रावधान, और डी.डी.यू. स्टेशन पर स्टेशन ड्रेन का कार्य तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन – डी.डी.यू. में एस.बी.आई. (SBI) के पीछे पार्किंग क्षेत्र (मुख्य स्टेशन भवन के पूर्वी छोर) का सुधार। कार्य का अनुमानित लागत : ₹50503325.54, धरोहर राशि : ₹1010100.00
3. निविदा सं.–55–डीडीयू–म.इंजी.–मुख्यालय–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : पंडीत दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन – डीडीयू में विभिन्न रेलवे सुरक्षा बल चौकी का सुधार। कार्य का अनुमानित लागत : ₹16522550.43, धरोहर राशि : ₹330500.00
4. निविदा सं.–56–डीडीयू–म.इंजी.–मुख्यालय–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन ई.टी.टी.सी./डी.डी.यू. में प्रशिक्षण छात्रावास का विस्तार। कार्य का अनुमानित लागत : ₹58117372.70, धरोहर राशि : ₹1162400.00
5. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 16.10.2026 को 12:00 बजे तक। 6. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.
नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1005/डीडीयू/अभि./टी/26–27/60

### पुनपुन-बटाने संगम की पावन भूमि पर दो दिवसीय पितृपक्ष महोत्सव के साथ पिंडदान शुरू, श्रद्धालुओं ने पितरों को किया याद

# पितृपक्ष महोत्सव धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग और औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के बारुन प्रखंड अंतर्गत जम्होर-रढुआ में शुक्रवार से आयोजित दो दिवसीय पितृपक्ष महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के साथ-साथ स्थानीय कला एवं संस्कृति को भी प्रमुखता दी जा रही है। महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिससे आयोजन स्थल पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण और अधिक जीवंत हो उठा। इस अवसर पर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि पितृपक्ष महोत्सव धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। अब यह आयोजन सरकारी पितृपक्ष महोत्सव के रूप में 25 और 26 सितंबर को आयोजित हो रहा है। इसकी गरिमा और यहां आने वाले देशी-विदेशी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते जिला प्रशासन की ओर से बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों की सराहना करते हुए विष्णुधाम परिसर, पिंडदान स्थल, घाट एवं संपर्क मार्गों सहित क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि विष्णुधाम



जम्होर में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधाजनक, सुरक्षित, स्वच्छ एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने पर प्रशासन द्वारा विशेष ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नदी तट पर टेंट एवं शेड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश एवं विद्युत तथा सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया है। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए नदी तट एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वच्छता एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ रात्रि एवं अन्य समय में आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। पुराणों के अनुसार पुनपुन नदी में पितरों को पहला पिंडदान औरंगाबाद के जम्होर या सिरिस में ही किये जाने का विधान है। यहां पिंडदान किए बिना गयाजी में किया गया श्राद्ध अधूरा माना जाता है और उसका फल पितरों को प्राप्त नहीं होता है। यही वजह है कि देश-विदेश से आने वाले पिंडदानी और श्रद्धालु पहले औरंगाबाद पहुंचकर पुनपुन नदी में पिंडदान करते हैं और इसके बाद गयाजी जाकर पितरों के श्राद्ध-तर्पण का विधान पूरा करते हैं। जिला प्रशासन द्वारा पितृपक्ष महोत्सव में आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए स्वच्छता बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में अपने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने में सहयोग करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, विष्णुधाम मंदिर न्यास समिति अध्यक्ष अजीत सिंह भी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने कहा कि विष्णुधाम धार्मिक आस्था का प्रतीक एवं सांस्कृतिक एकता का संगम है। उन्होंने महोत्सव के आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, मंदिर न्यास समिति, स्थानीय नागरिकों, कलाकारों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। महोत्सव के उद्घाटन के उपरांत विधायक एवं जिला पदाधिकारी द्वारा विष्णुधाम मंदिर परिसर तथा पुनपुन-बटाने संगम तट पर पिंडदान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, स्वच्छता, प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर गुरुवार की देर रात जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के फलस्वरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो में एक, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 36.80 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 988 वाहनों से 24500 रूपये शमन राशि वसूल की गई। साथ ही 18 वारंटों एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## 150 वर्षों से बसे 53 परिवारों की भूमि समस्याओं का हुआ समाधान

### रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह के हस्तक्षेप से बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत अंतर्गत शिवाबिगहा गांव में करीब 150 वर्षों से बसे मांझी समुदाय के 53 परिवारों की भूमि एवं घर-मकान से जुड़ी समस्या के समाधान का रास्ता अब साफ हो गया है। भूमि विवाद को लेकर ग्रामीणों ने रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह से फरियाद की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने गांव पहुंचकर जमीन मालिक और प्रभावित परिवारों के बीच बैठक कर आपसी सहमति से समाधान कराया। ग्रामीणों के अनुसार जमींदारी प्रथा के दौरान करीब डेढ़ सौ वर्ष पहले शिवा बिगहा में जमींदारों द्वारा मांझी



समुदाय के कुछ परिवारों को रहने के लिए जमीन दी गई थी। बाद में जमींदार परिवार में बंटवारा हुआ और वह जमीन एक परिवार के हिस्से में चली गई। करीब एक वर्ष पूर्व संबंधित जमीन के हिस्से में से लगभग 49 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री शिवा बिगहा गांव के ही अरुण यादव के नाम कर दी गई। रजिस्ट्री के बाद अरुण यादव द्वारा जमीन पर कब्जा करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी दौरान करीब 18 डिसमिल जमीन में बसे 53 मांझी परिवारों के घर भी उस जमीन के दायरे में आने की बात सामने आई। इसके बाद रामसुचित भुइयां, संजीत भुइयां, अरविंद भुइयां, फुलवंती देवी, मनवा देवी और सुरेश भुइयां समेत अन्य प्रभावित परिवारों ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। विधायक प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जमीन मालिक और प्रभावित परिवारों के बीच बातचीत के बाद सहमति बनी। तय किया गया कि रिकियासन समुदाय के परिवार जिस तरह वर्तमान में अपने घरों में रह रहे हैं, उसी तरह आगे भी रहेंगे। साथ ही अरुण यादव द्वारा प्रभावित परिवारों के घरों में आने वाली करीब 18 डिसमिल जमीन संबंधित परिवारों के नाम रजिस्ट्री किए जाने पर सहमति बनी। इस सहमति के बाद वर्षों से भूमि संबंधी समस्या झेल रहे 53 परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। समझौते से प्रभावित परिवारों में खुशी का माहौल है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कर जरूरतमंद परिवारों को उनका अधिकार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। आपसी बातचीत और सहमति के माध्यम से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

## स्पर्शाघात से मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा प्रखंड के कुराइपुर स्थित एक खटाल में चापाकल में विद्युत करंट लगने से 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान अतरौली गांव निवासी महेंद्र पासवान के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार महेंद्र पासवान कुराइपुर के खटाल में जानवरों को खिलाने-पिलाने का काम करते थे। शुक्रवार को वह चापाकल से पानी भरने गए थे। इसी दौरान चापाकल में करंट आ गया और महेंद्र पासवान उसकी चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। खटाल मालिक आलोक कुमार जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने महेंद्र पासवान को तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को भी जानकारी दी।

## समय पर हो आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को करें आत्मसात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** श्री कृष्ण स्मृति भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला इकाई की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य शीला प्रजापति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके अंत्योदय के विचारों को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला बताते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान पर जोर दिया। इस दौरान लोगों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करने तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्रसेवा और जनकल्याण को केंद्र में रखते हुए अंत्योदय की विचारधारा प्रस्तुत की। उनका मानना था कि विकास का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और जनकल्याण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रयास, परिश्रम और संकल्प के महत्व को भी रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि निरंतर प्रयास और लगन से सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। नवाचार भी लगातार प्रयास, साहस और नए विचारों को धरातल पर उतारने की दृढ़ इच्छाशक्ति से संभव है। इसलिए केवल भाग्य पर निर्भर रहने के बजाय समर्पित कार्य और सकारात्मक सोच को प्राथमिकता देने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह, सुनील शर्मा, संजय मेहता, अनीता सिंह, दीपक कुमार, रंजीत कुशवाहा, सीमा गुप्ता,दीपक कुमार सिंह, सुभाष कुमार, पप्पू, विकास सिंह, अरविंद पासवान, विकेस सिंह, वार्ड पार्षद सुशील कुमार, राकेश कुमार, तुना प्रसाद गुप्ता, रविंद्र शर्मा, मनोज परमार सहित पूजा सिंह, गुड़िया सिंह, इंदू सिंह, सोनम भारती, रेणु देवी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ट्रक से कुचलकर वृद्धा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** दाउदनगर-पटना मुख्य पथ पर अवस्थित गैस एजेंसी के समीप गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान दाउदनगर के पटेल नगर निवासी अवध मिस्त्री की 72 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने मृतका के आश्रितों को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा देने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। करीब दो घंटे से अधिक समय तक एनएच-139 पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा। बताया जाता है कि चंद्रावती देवी किसी काम से दाउदनगर बाजार आयी थीं। इसी दौरान गैस एजेंसी के समीप सड़क पार करने के क्रम में किसी अज्ञात ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी वहां जुट गये। लगातार बारिश के बावजूद ग्रामीण काफी देर तक घटनास्थल पर डटे रहे और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार, अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर सुदीश कुमार, विक्की कुमार एवं परमानंद कुमार यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर जाम समाप्त कराने का प्रयास किया। इसके बाद अंचलाधिकारी सतीश कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों को सरकारी नियमानुसार आपदा प्रबंधन के तहत निर्धारित मुआवजा राशि का चेक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद एनएच-139 पर वाहनों का परिचालन सामान्य हो सका।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा आमजनों को जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शहर में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के पुरानी जीटी रोड, रमेश चौक से सब्जी मंडी होते हुए अदरी नदी तक तथा महाराजगंज रोड, रमेश चौक से रामाबांध बस स्टैंड तक सड़क एवं मुख्य मार्ग के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दुकान, ठेला अथवा अन्य माध्यम से यातायात बाधित करने वाले विक्रेताओं को मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## सिन्हा कॉलेज में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम बेहतर भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद फार्मेसी विभाग के एचओडी इंचार्ज ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में एमसीए विभाग के एचओडी अनुप कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक संजीव रंजन समेत फार्मेसी विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में फार्मासिस्ट की भूमिका और उनके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दवाओं के सही उपयोग, उचित जानकारी और जिम्मेदारी के साथ औषधियों के प्रयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. ओमप्रकाश कुमार, राजू कुमार, रामाकांत अनुपम, श्वेता, सृष्टि, रेणु सहित फार्मेसी विभाग के शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों में मसूद, रत्नेश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओमप्रकाश कुमार ने किया।



